हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 19 फरवरी 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]


तापमान

अधिकतम 33.4 डिग्री

न्यूनतम 18.2 डिग्री



नगर निगम टाउन हाल से सिंचाई विभाग की ओर जाने वाली सड़क पर नो पार्किंग में खड़े वाहन।


अतिशीघ्र आवश्यकता है
सिक्योरिटी सुपरवाइजर (10 पद) कद-5'.6", उम्र-20 से 35
सिक्योरिटी गार्ड (पुरुष : 50 पद) कद-5'.6", उम्र-20 से 35
होम केयरटेकर (महिला : 20 पद) उम्र-20 से 35 वर्ष,
फायरमैन कद-5'.6", उम्र-20 से 35
अग्निशमन वाहन चालक हैवी लाइसेंस कद-5'.6", उम्र-20 से 35
भर्ती दिनांक :- 21 व 22 फरवरी 2025
(कार्यस्थल:-सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में निजी कारखाना एवं अस्पताल)
पता:-फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट
इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल. सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़
मो.: 7697212782, 6263775269


## खबर संक्षेप

### प्रयागराज स्पेशल फ्लाइट आज से, शुरू होगी बुकिंग

**बिलासपुर।** महाकुंभ के आखिरी दिन यानी 26 फरवरी के पहले बिलासपुर से प्रयागराज जाने के लिए यात्रियों को बिलासा एयरपोर्ट की ओर से नई सुविधा दी जा रही है। बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट के डायरेक्टर एन बी सिंह ने बताया कि जिसके तहत 22, 24 के साथ ही 25 फरवरी को प्रयागराज के लिए स्पेशल फ्लाइट चलने की घोषणा की गई है।

### चोरी की बिजली से रोशन हो रहा सिम्स का गार्डन

**बिलासपुर।** सिम्स अस्पताल के पुराने भवन की ओर स्थित नए गार्डन में चल रही बिजली चोरी को लेकर बिजली विभाग ने कार्रवाई की है। इस गार्डन में रंगीन लाइट्स और फौवारा लगाए गए हैं। सोमवार की रात बिजली विभाग के कर्मचारियों ने अस्पताल परिसर में स्थित गार्डन में जांच की। जांच के दौरान यह पाया गया कि इस गार्डन के लिए कोई वैध मीटर कनेक्शन नहीं है और यहां बिजली सीधे लाइन से ली जा रही है।

### टीआई, एसआई सहित आधा दर्जन पुलिसकर्मी घायल

# मतदान दल को बंधक बनाकर ग्रामीणों ने किया पथराव

**मस्तूरी के रलिया की घटना**

- रिजर्व बल ने उपद्रवियों को खदेड़कर मतदान दल को लौटाया
- मितानिन पर 40 मतदान पत्र छिपाने का आरोप लगाकर किया विवाद
- पूर्व सरपंच सहित 24 के खिलाफ हत्या के प्रयास, शासकीय कार्य में व्यवधान का जुर्म दर्ज, दो महिला सहित 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात मस्तूरी क्षेत्र के ग्राम रलिया में मतगणना के दौरान पूर्व सरपंच एवं उसके समर्थकों ने मितानिन पर 40 मतदान पत्र छिपाने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा मचाया। इन लोगों ने मतदान दल को बंधक बनाकर पुलिस बल पर पथराव कर दिया, इससे मस्तूरी टीआई, एसआई सहित आधा दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी घायल हो गए। रिजर्व पुलिस ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों को खदेड़ा। इसके बाद मतदान दल को सुरक्षित मस्तूरी पहुंचाया गया । पुलिस ने पूर्व सरपंच सहित 24 के खिलाफ हत्या के प्रयास, शासकीय कार्य में व्यवधान सहित अन्य धाराओं के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। इस मामले में दो महिलाओं सहित 4 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

मस्तूरी पुलिस के अनुसार, 17 फरवरी को मस्तूरी क्षेत्र के ग्राम रलिया शासकीय स्कूल में मतदान के बाद मतगणना की जा रही थी। रात 9.30 बजे सरपंच पद की मतगणना चल रही थी। इसी दौरान पूर्व सरपंच किशोर भागर्व अपने समर्थकों के साथ मितानिन पर 40 मत पत्र छिपाने का आरोप लगाते हुए फर्जी गिनती का आरोप लगाकर जमकर हंगामा मचाने लगा। मस्तूरी टीआई हरीश टाण्डेकर, पेट्रोलिंग प्रभारी एसआई हेमंत पाटले बल के साथ उसे समझाइश देने गए, परन्तु आक्रोशित ग्रामीणों ने मतदान दल को बंधक बना लिया और पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया, जिससे हड़कंप मच गया। गांव वाले लामबंद होकर स्कूल के पास घर व छत से पुलिसकर्मियों पर जमकर ईंट, पत्थर बरसाने लगे। पथराव से टीआई श्री टाण्डेकर, एसआई हेमंत पाटले सहित आधा दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मियों को मस्तूरी अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद बिलासपुर निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने सेक्टर आफिसर वाई एम मेहराज की रिपोर्ट पर पूर्व सरपंच किशोर भागर्व, नंदनी लहरे, धनराज कुर्रे, उमेन्द्र कुर्रे, सोनू लहरे, शिवनारायण साहू, राहुल सोनी, दिलीप तोमर, विष्णु साहू सहित 24 लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास, शासकीय कार्य में व्यवधान, बलवा सहित बीएनएस की धारा 135 ए, 109, 1, 121, 125, 132, 191, 2, 191, 3, 221, 296, 324, 4 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने हमलावर जयंती लहरे पति किरण, लता लहरे पति हिरेन्द्र लहरे को गिरफ्तार कर जेल व दो नाबालिगों को बाल सम्प्रेक्षण गृह भेज दिया है।


गिरफ्तार महिला।

### रिजर्व पुलिस ने ग्रामीणों को खदेड़ा

टीआई सहित अन्य पुलिसकर्मियों के घायल होने पर मस्तूरी कंट्रोल से रिजर्व पुलिस दल को ग्राम रलिया भेजा गया। रिजर्व पुलिस ने उपद्रव मचाने वालों को खदेड़ना शुरू कर दिया। उसके बाद ग्रामीण मतदान केंद्र के पास से भाग खड़े हुए। रात 1.30 बजे कड़ी सुरक्षा के बीच घायल पुलिस अधिकारियों व मतदान दल को गाड़ी से मस्तूरी पहुंचाया गया।

### स्कूल में छिपकर बचाई जान

हंगामा के बाद पथराव शुरू होने से टीआई सहित अन्य पुलिसकर्मियों के घायल होने पर सुरक्षा में तैनात अन्य पुलिसकर्मी स्कूल के अंदर छिप गए। उसके बाद भी ग्रामीणों ने स्कूल में जमकर पत्थर बरसाते हुए मतदान दल को बंधक बना लिया। इससे मतदान दल के कर्मचारी व पुलिसकर्मी दहशत में आ गए थे। पुलिस फोर्स के आने के बाद उन्होंने राहत की सांस ली।

### दो नाबालिग सहित 4 गिरफ्तार

मितानिन पर मतपत्र छिपाने का आरोप लगाकर पूर्व सरपंच ने समर्थकों के साथ हंगामा मचाया। समझाइश देने पर पुलिसकर्मियों पर जमकर पत्थरबाजी की गई है। आधा दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। पूर्व सरपंच सहित 24 लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। दो नाबालिग व दो महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया गया है।

- हरीश टाण्डेकर मस्तूरी टीआई

# प्रयागराज के लिए सबसे जरूरी ट्रेन सारनाथ के पहिए थमेंगे 3 दिन तक

**यात्रियों को परेशानी**

» 19 से 20 फरवरी तक अप-डाउन ट्रेन का परिचालन रहेगा बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के आयोजन का अंतिम समय चलने के कारण भीड़ लगातार जा रही है। इसी समय रेल प्रशासन ने प्रयागराज के लिए सबसे जरूरी ट्रेन सारनाथ के पहियों को 19 से 21 फरवरी तीन दिन तक थामने का आदेश जारी कर दिया है। रेलवे के तुगलकी फरमान से प्रदेश से हजारों की संख्या में कटनी, प्रयागराज और बनारस की ओर जाने वाले यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है।

प्रयागराज में 13 जनवरी से महाकुंभ का आयोजन शुरु हो गया है। इस आयोजन से पहले रेल प्रशासन ने कोहरे के नाम से सारनाथ एक्सप्रेस को पहले ही 28 फरवरी तक रद्द करने का आदेश जारी कर दिया था। महाकुंभ में जाने के लिए प्रदेश से एकमात्र ट्रेन सारनाथ थी, जिसमें प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री कटनी, मैहर, नैनी, प्रयागराज, बनारस और बिहार तक सफर करते हैं। इस ट्रेन के रद्द होने के कारण यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जनप्रतिनिधियों और यात्रियों की मांग पर महाकुंभ शुरु होने से पहले रेल प्रशासन ने रद्द की गई सारनाथ एक्सप्रेस को पटरी पर वापस दौड़ाना शुरु कर दिया। सारनाथ के चलने की सूचना मिलते ही प्रयागराज जाने के लिए बुकिंग शुरु होते ही वेटिंग के आंकड़े ने 250 से 300 का आंकड़ा पार दिया। 26 फरवरी तक लोग अलग-अलग दिन में प्रयागराज जाने के लिए बुकिंग कराते रहे। इस ट्रेन में भीड़ अधिक होने की स्थिति में रेलवे बोर्ड के आदेश पर एसईसीआर बिलासपुर जोन ने कुंभ स्पेशल ट्रेन का परिचालन एक-एक फेरे के लिए शुरु कर दिया था, जिसके बावजूद सारनाथ एक्सप्रेस में यात्रियों की भीड़ कम नहीं हो सकी। दूसरी ओर प्रयागराज संगम और प्रयागराज स्टेशन पर स्पेशल के साथ सामान्य ट्रेनों के अधिक होने के कारण प्लेटफार्म खाली नहीं मिल पा रहे थे। इसे देखते हुए प्रयागराज स्टेशन तक जाने वाली दुर्ग-छपरा और छपरा दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस का परिचालन डायवर्ट करते हुए प्रयागराज छिक्की से कर दिया गया। प्रयागराज स्टेशन के बजाय यात्री सारनाथ एक्सप्रेस प्रयागराज छिक्की तक आने-जाने लगे थे। वर्तमान में ट्रेन के जनरल कोच के साथ स्लीपर और एसी कोच की स्थिति ऐसी है कि 26 फरवरी तक किसी भी तरह से यात्रियों को कंफर्म बर्थ मिलना मुश्किल हो रहा है। ऐसे समय में रेल प्रशासन ने 19 फरवरी यानि बुधवार से शुक्रवार यानि 20 और 21 फरवरी तक दुर्ग से रवाना होने वाली 15160 सारनाथ एक्सप्रेस को दुर्ग से और 21, 22, 23 फरवरी को छपरा से चलने वाली 15159 छपरा-दुर्ग एक्सप्रेस के पहियों को थामने का आदेश जारी कर दिया है।



### दुर्ग से कटनी मुरवारा तक दिक्कत

प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन शुरु हुए एक माह से अधिक हो चुके हैं। सारनाथ एक्सप्रेस एक ऐसी ट्रेन है, जिसमें ज्यादातर लोग अस्थि विसर्जन और पिंडदान करने के लिए प्रयागराज और बनारस तक सफर करते हैं। छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और बिहार चार स्टेट से चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस में साल भर यात्रियों की काफी भीड़ रहती है। बिलासपुर डिवीजन के अलावा ट्रेन रायपुर डिवीजन के दुर्ग स्टेशन से रवाना होकर रायपुर, भाटापारा, उसलापुर, पेण्ड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल, कटनी मुरवारा होकर मैहर से प्रयागराज होते हुए छपरा तक पहुंचती है। जिन स्टेशनों पर सारनाथ एक्सप्रेस के स्टापेज नहीं होते हैं, उन स्टेशनों के यात्री भी दूसरी ट्रेन या दूसरे संसाधन से सारनाथ एक्सप्रेस में सफर करने के लिए पहुंचते हैं। तीन से चार दिन तक सारनाथ एक्सप्रेस के रद्द होने के कारण दुर्ग से कटनी मुरवारा तक यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।


सुमीत बाजार
बिलासपुर में आज का स्पेशल ऑफर

विश्व स्तरीय प्रीमियम ब्रांड्स के ऑफिस वियर 100% कॉटन
कार्पोरेट वियर एवं अधिवक्ताओं के लिये स्पेशल ऑफर
MRP. ₹2199 & above वाली
व्हाईट शर्ट
₹ 426 में



बाजार मूल्य ₹199 प्रति जोड़ी वाली वेल्वेट
रजाई खोल
₹ 50 प्रति पीस में
ऑफर स्टॉक रहने तक प्रति व्यक्ति अधिकतम 2 पीस



बाजार मूल्य ₹99 प्रति पीस वाला
एक्सपोर्ट क्वालिटी लोड कव्हर
2पीस
₹ 25 में
ऑफर स्टॉक रहने तक प्रति व्यक्ति अधिकतम 2 सेट



बाजार मूल्य ₹35 से ₹50 प्रति पीस वाली
एक्सपोर्ट क्वालिटी जेकार्ड डायनिंग
टेबल मैट
₹ 5 में
प्रति व्यक्ति अधिकतम 6 पीस...
*condition apply



राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
निःशुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर
हम आपको सुनने में मदद करने के लिए यहां हैं
दिनांक: 19 फ़रवरी से 22 फ़रवरी
समय: बुधवार से शनिवार ( प्रातः 10:30 बजे से शाम 7:00 बजे तक)



▶ श्रवण यंत्र पर भारी छूट
▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श)
▶ स्पीच थेरेपी



Google Rating ★★★★★ PHILIPS Authorized dealer
9659 455 455
Google Play App Store

अंबिकापुर
मनोज डायग्नोस्टिक सेंटर के ऊपर, मेन पोस्ट ऑफिस के पास, बाबूपारा, अंबिकापुर, छत्तीसगढ़ (497001)

भिलाई
शॉप नंबर- 107-108, इथीराज टावर्स, जी.ई. रोड, सुपेला, भिलाई, छत्तीसगढ़ (490023)

बिलासपुर
शॉप नंबर- F5-F6, अम्बे बिजनेस सेंटर, LIC बिल्डिंग के सामने, मगरपारा रोड, मसानगंज, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ (495001)

बैरन बाजार (रायपुर)
विमला सदन, छत्तीसगढ़ कॉलेज के पास, फव्वारा चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492007)

धमतरी
डॉ. सरोज कुमार साहा क्लिनिक के ऊपर, धमतरी क्रिश्चियन (बठेना) हॉस्पिटल के पास, वेयरहाउस गोडाउन के सामने, रायपुर रोड, धमतरी (493773)

जगदलपुर
बिनाका मॉल के सामने, चित्रकोट रोड, धरमपुरा, जगदलपुर, छत्तीसगढ़ (494001)

कोरबा
मकान संख्या 52 ए, सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के पास, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे निहारिका रोड, कोसाबाड़ी, कोरबा (495677)

कचहरी चौक (रायपुर)
शॉप नंबर- 14, कृष्णा काम्प्लेक्स, जिला एवं सत्र न्यायालय के सामने, कचहरी चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492001)

शंकर नगर (रायपुर)
प्रथम तल, एस. आर. प्लाजा सेक्टर-3, आरोग्य हॉस्पिटल के पास, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492004)

Khanna

छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र | कर्नाटक | केरळ | तामिळनाडू | आंध्र प्रदेश | तेलंगाणा | पश्चिम बंगाल | बिहार | झारखंड

18- FEB- BSP- P-2 FULL_Layout 1 2/18/2025 10:52 PM Page 1






बिलासपुर, बुधवार 19 फरवरी 2025

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255




एग्जाम

## राष्ट्रीय सेवा योजना की 'ए' प्रमाण पत्र की परीक्षा



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय से संबद्ध शासकीय शहीद अविनाश शर्मा कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सरकण्डा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा ए प्रमाण पत्र की परीक्षा संपन्न हुई, जिसमें बाह्य परीक्षक के रूप में संस्कृति शास्त्री उपस्थित रहीं। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को एनएसएस डायरी में उल्लेखित विवरण, गतिविधियां, पदाधिकारियों के नाम, गीतों युवा कल्याण से संबंधित विभिन्न योजनाएं, केन्द्र व राज्य सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम तथा स्थानीय विशेषताओं की जानकारी ली। समुदाय व गोदग्राम में स्वयंसेवकों द्वारा संपादित कार्य एवं सेवा में व्यतित किए कार्यों का विवरण लिया,एनएसएस ए प्रमाण पत्र उन छात्रों को दिया जाता है। जो एनएसएस के तहत एक वर्ष तक सक्रिय रूप से भाग लेते हैं और निर्धारित 120 घंटे की सेवा पूरी करते हैं, यह प्रमाण पत्र समाज सेवा और व्यक्तित्व विकास में उनकी भागीदारी को मान्यता देता है। परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराने में प्रियंवदा पाण्डेय का महत्वपूर्ण योगदान रहा। परीक्षा के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर होने पर विद्यालय की प्राचार्य तृप्ति कोसरिया ने शुभकामनाएं दीं।

# गजानन विजय ग्रंथ का सामूहिक पारायण, की गई आरती

पारिजात कालोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल परिसर में श्री संत गजानन महाराज का प्रकट उत्सव का मंगलवार को श्रद्धा व उत्साह से आरंभ किया गया। इसके अंतर्गत सुबह के कार्यक्रम में श्री गजानन विजय ग्रंथ का सामूहिक क्रमबद्ध पारायण किया गया जो कि 12 बजे की आरती के साथ संपन्न हुआ।

**आज निकाली जाएगी महाराज की पालकी यात्रा**



कलाश्री संगीत समूह के कलाकारों ने दी भजनों की प्रस्तुति





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पारायण के लिए 20-20 भक्तों के 11 समूह बनाए गए थे। इससे 210 अध्यायों के 11 आवर्तन पूर्ण हुए। इसी क्रम में शाम को संत गजानन महाराज के जीवन पर आधारित गाने गीत गजानन की प्रस्तुति रायपुर से आए कलाश्री संगीत समूह के कलाकारों ने दी।

महाराष्ट्र मंडल के सचिव समीर भुरंगी ने बताया कि उत्सव अंतर्गत मंडल परिसर में बुधवार 19 फरवरी को रेणुका भजन मंडली तिलकनगर द्वारा शाम 4 बजे भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। शाम साढ़े 5 बजे महराज की पालकी यात्रा निकाली जाएगी। गजानन वासुदेव ने बताया कि संत गजानन महराज का प्रकटोत्सव माघ मास में कृष्ण पक्ष के सप्तमी तिथि को मनाया जाता है। इस तिथि को वे पहली बार शेगांव में 23 फरवरी 1878 को प्रकट हुए इसलिए 23 फरवरी को गजानन महाराज का प्रकटोत्सव मनाया जाता है।यह उत्सव बिलासपुर शहर में सर्वप्रथम सार्वजनिक रूप से मनोहर, प्रभा वेलूस्कर एवं महाराज के भक्तों के सानिध्य में आज से 50 वर्ष पूर्व रेल्वे महाराष्ट्र मंडल रामदास नगर में मनाने की परंपरा प्रारंभ हुई थी। यह 1 दिवसीय उत्सव भाजी भाकर प्रसाद के निःशुल्क वितरण के साथ संपन्न होता था जो आज भी अबाधित रूप से चल रहा है। कालांतर में मनोहर एवं प्रभा वेलूस्कर परिवार ने नेहरू नगर के महाराष्ट्र मंडल में इनके मंदिर की स्थापना का प्रयास भी किया। अपने इस प्रयास में वे सफल भी रहे। बिलासपुर मराठी भाषिक भक्तों ने महाराष्ट्र मंडल परिसर में वर्ष 2001 में संत गजानन महाराज के मंदिर का निर्माण किया। इसका संचालन महाराष्ट्र मंडल द्वारा किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष मंडल द्वारा यह उत्सव मनाया जाता है।

### गण-गण गणात बोते का मंत्र दिया संत गजानन महाराज ने

गजानन महाराज को सन 1878 में सर्वप्रथम शेगाव के प्रसिद्ध मारवाड़ी बंकटलाल अग्रवाल ने एक पीपल पेड़ के नीचे अपनी भूख शांत करते एक नग्न बालक के रूप में देखा था। उन्हें ऐसा करते देख बंकटलाल ने उन्हें भोज कार्यक्रम में ले जाकर भोजन कराया। पर वे पुनः उसी पेड़ के नीचे पहुंच गए। वे शायद यह समझाना चाहते थे कि अन्न बरबाद न करें। मराठी में एक कहावत है- 'अन्न हे परब्रम्ह आहे।' यानि अन्न ब्रम्ह स्वरूप है, इसे बरबाद नहीं करना चाहिए। वे अपनी कृति से इसे सिद्ध करना चाहते थे। बंकटलाल ने घर पहुंचकर यह बात पिता को बताई। तो पिता ने उन्हें घर पर ले कर आने को कहा। कुछ अंतराल बाद बंकटलाल की पुनः उस बालक से भेंट हुई तो वे उन्हें घर ले आए। नहला धुला कर साफ कपड़े पहना कर पंच पकवान का भोजन कराया। भोजन के बाद वह बालक पुनः पहने हुए वस्त्र त्यागकर अपने पुराने स्वरूप में अर्थात नग्न स्वरूप में उनके घर से निकल गया। उनका ऐसा व्यवहार देख कर बंकटलाल व उनके पिता समझ गए कि यह निश्चित ही कोई योगी पुरुष है। वे बंकटलाल के घर से निकल कर गांव के बाहर स्थित पुराने मंदिर में रहने लगे। धीरे-धीरे लोगों को उनके असामान्य गुणों का अनुभव होने लगा और लोगों में उनकी भक्ति बढ़ने लगी। गजानन महाराज ने लोगों को यह संदेश दिया कि भक्ति के मार्ग से ईश्वर तक पहुंचा जा सकता है। उन्होंने अपने जीवन से समाज को सत्य, प्रेम, दया व सादगी सिखाई। उन्होंने समझाया कि जीवन में पैसा ही सब कुछ नहीं, बल्कि सबसे बड़ी संपत्ति निरोगी शरीर है। योगाभ्यास के जरिये यह संपत्ति अर्जित की जा सकती है। अनाज को परब्रम्ह स्वरूप बताते हुए उन्होंने समझाया कि अन्न की बरबादी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने 'गण गण गणांत बोते' का मंत्र दिया अर्थात जीव ही ब्रम्ह है। उन्होंने लोगों को कर्म, भक्ति व योग की शिक्षा दी। संत दासगणू महराज ने गजानन महराज के जीवन में घटित घटनाओं को आधार बनाकर 21 अध्याय के ग्रंथ 'श्री गजानन विजय' की रचना की थी।

कार्यशाला

## केवी में एआई क्षेत्र में छात्रों को जागरूक बनाने दी जानकारी



**बिलासपुर।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय बिलासपुर में राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर के तत्वावधान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग पायथन कोर्स पर आधारित पांच दिवसीय इंटर्नशिप और व्यहारिक अनुभव कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें विशेषज्ञों ने ए.आई. के क्षेत्र में छात्रों को जागरूक बनाने व्यवहारिक जानकारी दी। इन तकनीकों की बुनियादी सिद्धांतों और कार्यप्रणाली के बारे में भी बताया गया। इंटरेक्टिव सेशन में विद्यार्थियों को ए.आई. और मशीन लर्निंग से जुड़े सवाल पूछने का मौका दिया गया ताकि वे इस विषय को और गहराई से समझ सके। छात्रों को इन तकनीकों पर छोटे प्रशिक्षण सत्र दिए गए। जिसमें वे प्रोग्रामिंग भाषाओं जैसे पायथन का उपयोग कर छोटे-छोटे मॉडल्स बना सके। कार्यशाला के अंतिम दिवस विद्यार्थियों को चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज का भ्रमण कराया गया। यह भ्रमण छात्रों को एक नई दिशा देने के साथ ही भविष्य में ए.आई. और मशीन लर्निंग जैसे उभरते हुए क्षेत्रों में कॅरियर बनाने के लिए प्रेरित करने वाला सिद्ध हुआ। भ्रमण के दौरान उपस्थित विशेषज्ञों ने बताया कि इन तकनीकों का इस्तेमाल स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, बैंकिंग, और ई-कॉमर्स जैसे विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रहा है। कॉलेज के प्रोफेसरों और विशेषज्ञों द्वारा आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थियों ने प्रैक्टिकल उदाहरणों और केस स्टडीज के माध्यम से इन तकनीकों की गहरी समझ हासिल की। प्रतिभागियों को विशेषज्ञों से एक इंटरेक्टिव सेशन में भाग लेने का मौका मिला।

कार्यशाला के दौरान एक छोटे प्रशिक्षण सत्र का भी आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को पायथन जैसी प्रोग्रामिंग भाषाओं के माध्यम से छोटे ए.आई. मॉडल बनाने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। वहीं विद्यार्थियों ने स्वचालित निर्णय लेने वाले एल्गोरिदम्स और मॉडल्स को बनाने का अभ्यास किया।

# आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है संचार कौशल





माता शबरी नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला

**बिलासपुर।** शासकीय माता शबरी नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को संचार कौशल एवं व्यक्तित्व विकास विषय पर एक दिवसीय गतिविधि आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की मुख्य वक्ता प्राचार्य डॉ. सावित्री त्रिपाठी थीं।

मुख्य वक्ता ने अपने उद्बोधन में संचार कौशल और व्यक्तित्व विकास के मध्य गहरे संबंध को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रभावी संचार न केवल हमारी अभिव्यक्ति को सशक्त बनाता है बल्कि यह आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और समग्र व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि एक प्रभावी व्यक्तित्व की पहचान उसकी संप्रेषण क्षमता से होती है क्योंकि स्पष्ट और आत्मविश्वास से भरा संवाद समाज में व्यक्ति की छवि को निखारता है और उसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक होता है। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को व्यावहारिक गतिविधियों एवं अभ्यासों के माध्यम से संचार कौशल को सुधारने के तरीके सिखाए गए। कार्यशाला में सहभागिता अत्यंत उत्साहपूर्ण रही जहां लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया, छात्रों ने संवाद-अभ्यास किए विभिन्न संवाद तकनीकों को सीखा एवं कार्यशाला के दौरान प्रश्नोत्तर सत्र में गहन जिज्ञासा प्रदर्शित की। यह आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के. के. भंडारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। डॉ. एल. एन. दुबे, डॉ. शोभा महेश्वर, डॉ. शशिकला सिन्हा, डॉ. अनुपा तिर्की, बेला महंत, डॉ. ललिता साहू, डॉ. यतीनंदिनी पटेल सहित महाविद्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### व्यक्तित्व का होता है विकास

अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. आरती सिंह ठाकुर ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया तथा किरण ने मंच संचालन का दायित्व निभाया। महाविद्यालय के प्राध्यापक इस कार्यशाला के माध्यम से न केवल अपने संचार कौशल को परिष्कृत करने के प्रभावी उपाय सीखे बल्कि उन्होंने यह भी समझा कि एक प्रभावी संवादक बनने से उनका आत्मविश्वास एवं व्यक्तित्व दोनों विकसित होते हैं।



## सुंदर कांड, हनुमान चालीसा का सामूहिक महापाठ

**बिलासपुर।** श्री हनुमान सेवा समिति के तत्वावधान में मंगलवार को दक्षिण मुखी श्री हनुमान मंदिर रामसेतु सरकंडा में सुंदर कांड व श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक महापाठ किया गया। अंत में महाआरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। पाठ व महाआरती में सरकंडा क्षेत्र के सभी नवनिर्वाचित पार्षदों ने अपनी सहभागिता निभाई।

समिति से जुड़े प्रणव मिक्की मिश्रा ने बताया कि आयोजन चुनाव व मतदान प्रक्रिया के चलते नहीं हो पाया था। इसे मंगलवार 18 फरवरी को संपन्न किया गया। कार्यक्रम की कड़ी में शाम 6 बजे सुंदरकांड एवं साढ़े 7 बजे श्री हनुमान चालीसा का सस्वर महापाठ किया गया। पौने 8 बजे श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ के बीच श्री हनुमानजी की महाआरती की गई। अंत में भोग प्रसाद का वितरण किया गया। इसमें सैकड़ों लोगों ने प्रभु का प्रसाद लिया। श्री मिश्रा ने बताया कि आयोजन को लेकर हनुमान भक्तों में भारी उत्साह रहता है। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसमें सरकंडा पार के सभी नवनिर्वाचित पार्षदों ने भाग लेकर अंजनी पुत्र हनुमान का आशीर्वाद लिया। रेखा पाण्डेय, सीमा शुक्ला, सीमा दुसेजा, रुपाली गुप्ता, राधा मिश्रा, बिंदु कछवाहा, स्वाति ठाकुर, तपस्या गुप्ता, आकांक्षा बाजपेई, आशा वर्मा, श्याम साहू, विजय ताम्रकार, राजेश दुसेजा, ओमप्रकाश पाण्डेय, शैलेष मिश्रा, अंकुश गुप्ता, भरत जुरयानी, अभिषेक शुक्ला, मिक्की मिश्रा, मयंक सिंह गौतम, विकास सिंह ठाकुर, राहुल ठाकुर, राहुल नेताम, ऋषभ सोनी, रुद्र ठाकुर, विक्की सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

धर्म-क्षेत्र

## अगर मोक्ष चाहते हो तो ईश्वर की भक्ति करें, यही सत्य का मार्ग



**बिलासपुर।** कड़ार में श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ प्रारंभ किया गया है। शुभारंभ कलश यात्रा के साथ श्रद्धालु महिलाओं ने भाग लिया। कथा वाचक गोंदईया रतनपुर वाले पं. रामशरण दुबे मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को भक्ति रसपान करा रहे हैं। महाराज श्री ने नारद चरित्र, शुकदेव, परीक्षित संवाद फाल्गुन कथा पक्ष 6 का श्रवण कर भक्तों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने प्रसंग में बताया कि मोक्ष प्राप्त के लिए ईश्वर की भक्ति करना ही प्रमुख मार्ग है। इसके बिना न तो मन में शांति आएगी न हीं परिवार में खुशहाली। आचार्य श्री ने कहा कि अगर हमें अपने देश व समाज को खुश रखना है। विकास करना है तो ईश्वर की भक्ति करना चाहिए। कपिल अवतार, शिवसती चरित्र, ध्रुवकथा, जड़भरत चरित्र का प्रसंग होगा। इस आयोजन के मुख्य यजमान मेलूराम साहू व छेदीन बाई साहू हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए फेकन बाई, बिमला बाई साहू, इंद्रा साहू, कुंजमति, जगदीश, कल्याणी, विनोद, ललीता, प्रमोद आदि का सहयोग मिल रहा है।

## एशियाई बेंच प्रेस में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने किया प्रदर्शन, जीता स्वर्ण पदक

स्पोर्ट्स न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अंतरराष्ट्रीय स्तर में एशियाई पावरलिफ्टिंग बेंच प्रेस एवं डेडलिफ्ट की प्रतियोगिता का आयोजन दुबई में सम्पन्न हुआ। इसका आयोजन नेशनल पावरलिफ्टर्स फेडरेशन इंडिया मान्यता प्राप्त ग्लोबल पावर फेडरेशन जीपीएफ एवं ग्लोबल पावर एलायंस जीपीए द्वारा किया गया था। प्रतियोगिता में सब जूनियर, जूनियर, सीनियर, मास्टर मैन एवं वूमेन, एशियन देश के अंतर्गत ईरान, दुबई भारत, मालदीव्स एवं अन्य देश के चयनित खिलाड़ियों ने अपने शौर्य का प्रदर्शन किया।



इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य के तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ, जिसमें कोच उत्तम कुमार साहू, राष्ट्रीय खिलाड़ी जयेश पंजवानी व मेघा भगत ने अपने शौर्य का प्रदर्शन कर भारत का प्रतिनिधित्व किया। भारत की तरफ से उत्तम कुमार साहू मास्टर 1 कैटेगरी में 92.5 किलोग्राम एवं मेघा भगत ने 67.5 किलोग्राम एवं जयेश पंजवानी में 120 किलो ग्राम का भार उठाकर तीन स्वर्ण पदक प्राप्त किए। यह प्रतियोगिता स्वर्ण पदक के स्थान के लिए था। खिलाड़ियों ने उत्तम कुमार साहू के मार्गदर्शन में लगातार जिले और छत्तीसगढ़ राज्य का मान सम्मान बढ़ाया है और अब उनका अगला लक्ष्य ओलंपिक खेलों में खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देकर नाम दर्ज कराने है। इस पूरे जीत में भारतीय टीम के कोच एवं छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टरर्स एसोसिएशन के महासचिव राकेश कुमार साहू का विशेष योगदान रहा है। टीम मैनेजर के रूप में एनपीएफ के अध्यक्ष राज महावीर सिंह, नेशनल रेफरी महेश सखाराम पानसे एवं सुभाष कामदी थे। टीम की फिजियोथैरेपिस्ट डा. नीतू वर्मा एवं इंडियन किट डिजाइनर पर्ख के डायरेक्टर जितेंद्र नागदेव, प्रोटीन कंपनी टूफिट थे।

## राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल में केपीएस की कृतिका को मिला रजत

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 68वीं राष्ट्रीय अंडर 14 बालिका सॉफ्टबॉल खेल प्रतियोगिता महाराष्ट्र में आयोजित की गई। जिसमें कृष्णा पब्लिक स्कूल कोनी की छात्रा कृतिका चौहान ने छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने शानदार खेल की का प्रदर्शन कर राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान सुनिश्चित करते हुए रजत पदक प्राप्त किया। उक्त खेल प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों की टीम की सहभागिता रही। रजत पदक विजेता कृतिका चौहान ग्राम बासिन (सक्ती ) कृषि महाविद्यालय में पदस्थ जितेन्द्र चौहान एवं बबीता चौहान की सुपुत्री है।



कृतिका चौहान की इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ बेसबॉल की महासचिव मिताली घोष, कोच अख्तर खान, लखन देवांगन, अंकुर रजक, संदीप गहिरे, योगेंद्र यादव, नेटबॉल संघ के सौरभ सिंह, सत्यम चौहान, रितेश, धांधी, अविनाश तथा कृष्णा पब्लिक स्कूल परिवार कोनी ने हर्ष व्यक्त किया है।

## शहर के चंदन आज होंगे रवाना

सोलो साईकिल ट्रिप



सोलो साईकल ट्रिप पर सेवन सिस्टर वन ब्रदर ट्रिप पर यूथ होस्टल शहर के चंदन समझदार आज रवाना होंगे। चार बार के साउथ एशियन सीटोरियो कराटे चैंपियन नेपाल, 6 डान ब्लैक बेल्ट जापान के श्रीहान, यूरोप से इथान नाम से सम्मानित चंदन समझदार यूथ होस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के लाइफ मेंबर है। इससे पहले उन्होंने 2022 में 4500 कीमी थैलेसेमिया पीड़ितों के लिए फंड इकट्ठा करने 40 दिन की सोलो साईकल ट्रिप कर चुके हैं। इस यात्रा में 25 हजार किलोमीटर से ज्यादा की दूरी तय की जाएगी। इस यात्रा को रिटायर्ड कर्नल राकेश सिंह बिसेन और रिटायर्ड ग्रुप कैप्टन वाय श्रीनिवास बुधवार को सुबह 8 बजे नेहरू चौक से झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

18- FEB- BSP-PG-4_Layout 1 2/18/2025 11:17 PM Page 1





# फिल्म कन्नप्पा से प्रभास का रुद्र लुक रिलीज...

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म कन्नप्पा से उनका लुक रिलीज हो गया है। फिल्म कन्नप्पा के निर्माताओं ने इस फिल्म से प्रभास का लुक रिलीज कर दिया है। फिल्म कन्नप्पा में प्रभास के किरदार का नाम रूद्र है। फिल्म कन्नप्पा मुकेश कुमार सिंह निर्देशित और एम. मोहन बाबू निर्मित है। हाल ही में निर्माताओं ने भगवान शिव की भूमिका में अक्षय कुमार का एक आकर्षक पोस्टर जारी किया था। इस फिल्म से अक्षय तेलुगू सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म का टीजर, कान फिल्म फेस्टिवल में विष्णु मांचू, मोहन बाबू और प्रभु देवा ने दिखाया था।

## लाइफ Style



# रश्मिका

## टैग मिलने से नहीं मेहनत से बनता है कॅरियर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ सिनेमा से लेकर बॉलीवुड तक अपनी अलग पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना एक समय में 'नेशनल क्रश' के नाम से मशहूर थीं। 28 साल की उम्र में ही वो भारत की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक बन चुकी हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान रश्मिका ने कहा कि टैग्स मिलने से करियर नहीं बनता, बल्कि मेहनत, लगन, लोगों का प्यार और उनकी फिल्में मायने रखती हैं।

2016 में कन्नड़ फिल्म 'किरिक पार्टी' से करियर शुरू करने वाली रश्मिका को लगा था कि ये उनकी पहली और आखिरी फिल्म होगी। रश्मिका मंदाना ने बताया, 'आज मैं 24 फिल्मों के बाद भी यहां हूं। मुझसे ज्यादा सुंदर और टैलेंटेड महिलाएं इंडस्ट्री में हैं, लेकिन मुझे अपनी इस जर्नी पर गर्व है। मैं अपने फैंस से गहराई से जुड़ी हुई हूं और ये मेरे लिए बहुत खास है'। पिछले दो सालों में रश्मिका ने बॉलीवुड और साउथ सिनेमा में दो बड़ी हिट फिल्में दी हैं। 2023 में 'एनिमल' में रणबीर कपूर के साथ काम किया, जिसने 1,000 करोड़ से ज्यादा कमाए। वहीं, 2024 में 'पुष्पा 2: द रूल' में श्रीवल्ली के किरदार में वापसी कर 1,800 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है। रश्मिका मंदाना के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी अगली फिल्म 'छावा' है, जिसमें वे विक्की कौशल के साथ नजर आ रही हैं। ये फिल्म मराठा सम्राट छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है, जिसे लक्ष्मण उतेकर निर्देशित कर रहे हैं। ये फिल्म 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। रश्मिका ने कहा, 'अगर साउथ और हिंदी इंडस्ट्री में एक साथ कोई इवेंट हो, तो तय करना मुश्किल होता है लेकिन मुझे हर जगह से इतना प्यार मिला है कि मैं अपनी नींद छोड़कर भी वहां पहुंचना चाहती हूं।

## हॉलीवुड मसाला



# 'कैप्टन अमेरिका' की कमाई में गिरावट...

**लॉस एंजिल्स।** पिछले शुक्रवार को हॉलीवुड फिल्म 'कैप्टन अमेरिकाः ब्रेव न्यू वर्ल्ड' भारत में रिलीज हुई। मार्वल प्रोडक्शन की इस फिल्म को बहुत अच्छा रेस्पॉन्स नहीं मिल रहा है। जानिए, अब तक इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस कितना कलेक्शन किया? पांचवे दिन की इसकी कमाई क्या रही। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार फिल्म 'कैप्टन अमेरिकाः ब्रेव न्यू वर्ल्ड' ने पांचवें दिन लगभग 52 लाख रुपये ही कमाए हैं। यह कमाई पिछले दिनों के मुकाबले कम है। इस हॉलीवुड फिल्म के भारतीय बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में लगातार गिरावट आ रही है।



# क्रिस्टोफर की 'द ओडिसी' में नजर आएंगे मैट डेमन

**लॉस एंजिल्स।** क्रिस्टोफर नोलकी की आगामी फिल्म 'द ओडिसी' में मुख्य किरदार निभाने वाले अभिनेता के नाम की घोषणा हो गई है। बता दें कि इस फिल्म में मैट डेमन मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। ये खुशखबरी सामने आते ही अभिनेता के फैंस उन्हें पर्दे पर देखने के लिए बेहद उत्साहित हो गए हैं। अभिनेता मैट डेमन और उनके लुक को लेकर फिल्म के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर ये जानकारी दी गई है। पोस्ट में फिल्म रिलीज डेट के बारे में भी बताया गया है। पोस्ट में यह भी बताया गया कि यह फिल्म 17 जुलाई साल 2026 को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होने वाली है। यह कविता ग्रीक कवि होमर ने लिखी है। इसमें इथाका के राजा ओडिसियस की कहानी है, जो ट्रोजन युद्ध के बाद अपने घर लौटने के लिए यात्रा के दौरान कई कठिनाइयों का सामना करते हैं। इस यात्रा में ओडिसियस को कई खतरे उठाने पड़ते हैं।



# एक्टर की परिभाषा बदल रही है...

**मुंबई।** एक्ट्रेस समरीन कौर ने कहा कि एक मॉडल और पेजेंट फाइनलिस्ट के तौर पर अपनी शुरूआत करने वाली समरीन ने बॉलीवुड फिल्मों से अपना डेब्यू नहीं किया, बल्कि उन्होंने पहले म्यूजिक वीडियो के ज़रिए दर्शकों को आकर्षित किया, जिसमें उनका गाना इश्क भी शामिल है। इस पर वे कहती हैं, "एक एक्टर की परिभाषा बदल रही है। समरीन रणवीर सिंह स्टारर फिल्म '83' में काम कर चुकी हैं। समरीन जल्द ही कुछ आपको कुछ बेहद दिलचस्प प्रोजेक्ट्स में नज़र आएँगी। उन्होंने आगे कहा, "आजकल सिर्फ फिल्म डेब्यू काफी नहीं है, बल्कि जरूरी है कि आप अलग-अलग माध्यमों के जरिए दर्शकों से जुड़ें। हालांकि, समरीन ने अपनी सोशल मीडिया प्रेजेंस के जरिए अपने दर्शक कमाए हैं।



# 'द पैराडाइज' का ऐलान शूटिंग होगी शुरू

**मुंबई।** प्रोडक्शन हाउस एसेसलवी सिनेमा ने अपनी अगली फिल्म 'द पैराडाइज' का ऐलान कर दिया है। श्रीकांत ओडेला के निर्देशन में बनने वाली यह फिल्म का ऐलान दिलचस्प पोस्टर के साथ किया गया। फिल्म द पैराडाइज में म्यूजिक की कमान रॉकस्टार अनिरुद्ध रविचंदर ने संभाली है। फिल्म द पैराडाइज में अभिनेता नानी लीड रोल में नजर आएंगे। फिल्म पैराडाइज के निर्माता एसएलवी प्रोडक्शन ने सोशल मीडिया पर एक दिलचस्प पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है, हैदराबाद की धड़कनें पूरी दुनिया में गूंजेंगी। द पैराडाइज में रॉकस्टार अनिरुद्ध का म्यूजिक है, निर्देशक श्रीकांत ओडेला है और फिल्म में मुख्य कलाकार नानी हैं। यह फिल्म तीन शानदार ताकतों का मिलाजुला परिणाम होगीः नेचुरल स्टार नानी, निर्देशक श्रीकांत ओडेला, और रॉकस्टार अनिरुद्ध रविचंदर।'

## टीवी मसाला



# अंगूरी भाभी के दीवानों के लिए खुशखबरी...

मुंबई। सबसे लंबे समय तक चलने वाले टीवी कॉमेडी डेलीज में से एक 'भाबी जी घर पर हैं!' के प्रशंसकों के लिए बड़ी खबर है। सालों से दर्शकों के प्यार से सराबोर रहे इस टीवी शो पर फीचर फिल्म बनने जा रही है। इस शो पर शशांक बाली द्वारा निर्देशित फिल्म इसी साल रिलीज होगी, जिसके लिए शूटिंग 15 मार्च से देहरादून (उत्तराखंड) में शुरू होगी। अभिनेता रोहिताश्व गौर (जो मनमोहन तिवारी का किरदार निभा रहे हैं) ने खबर की पुष्टि करते हुए कहा, "जी, वाकई ये सच है! हम बेहद उत्साहित हैं, अभिनेता होने के नाते हम सभी खुद को सिल्वर स्क्रीन पर वापस देखने का सपना देखते हैं और यह हो रहा है। यह एक सपने के सच होने जैसा है। अभिनेत्री विदिशा श्रीवास्तव (जो अनीता मिश्रा का किरदार निभा रही हैं) कहती हैं, "यह हमारे प्रशंसकों के प्यार की वजह से है कि हम इतनी बड़ी छलांग का हिस्सा बन रहे हैं। मैं इस शो से बहुत बाद में जुड़ी, लेकिन आज यह मेरा परिवार है। उन्होंने आगे कहा, "शो का सार बना रहेगा और हम दर्शकों के लिए बहुत सारा धमाल करने का वादा करते हैं। स्टार कास्ट में रोहिताश्व और विदिशा, आसिफ शेख (जो विभूति नारायण मिश्रा का किरदार निभा रहे हैं) और शुभांगी अत्रे (अंगूरी तिवारी) के अलावा अन्य किरदार शामिल होंगे जो शो की सफलता का हिस्सा रहे हैं। 10 साल से प्राइम-टाइम स्लॉट में चल रहा शो के 2,500 से अधिक एपिसोड प्रसारित हो चुके हैं।

## टीवी शो 'शिव शक्ति तप त्याग तांडव' में नजर आएगी घुमारवीं की बेटी..

**घुमारवीं।** मायानगरी मुंबई में हिमाचल प्रदेश के घुमारवीं की रिया शर्मा धूम मचा रही है। कलर चैनल पर लोकप्रिय धारावाहिक महाकाव्य



पौराणिक गाथा शिव शक्ति-तप त्याग तांडव में कन्या कुमारी की महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। छोटे पर्दे पर यह धारावाहिक कलर चैनल पर सोमवार से रविवार रात आठ बजे प्रसारित होता है। इससे पहले भी रिया ने स्टार प्लस चैनल में हिट सीरियल तेरी मेरी डोरियां में मन्नत के किरदार से दर्शकों का दिल जीत चुकी है। रिया के पिता व्यवसायी अनिल शर्मा और माता सुनीता शर्मा गृहिणी और समाजसेविका हैं।

# न शोले, न मुगल-ए-आजम, ये है 100 करोड़ कमाने वाली पहली भारतीय फिल्म

**मुंबई।** आज के समय में फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर 100-200 करोड़ रुपये का कलेक्शन करना आम बात हो गई है। लेकिन क्या आप उस पहली भारतीय फिल्म का नाम जानते हैं, जिसने ये आंकड़ा छुआ था? ये उस दौर की बात है, जब फिल्में 10-20 करोड़ ही कमा लें तो ब्लॉकबस्टर की श्रेणी में आ जाती थीं। जब भी 100 करोड़ी फिल्मों की बात होती है तो 2000 के दशक में आईं 'गजनी' और '3 इडियट्स' जैसी फिल्मों के नाम आते हैं। इन फिल्मों ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर ये आंकड़ा छुआ था, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि पहली 100 करोड़ी फिल्म 80 के दशक में रिलीज हुई थी।



***डिस्को डांसर के बिके थे 12 करोड़ से ज्यादा टिकट*** : आपको बता दें कि ये फिल्म कोई और नहीं बल्कि बब्बर सुभाष के निर्देशन में बनी 'डिस्को डांसर' थी, जिसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया था। ये पहली बॉलीवुड फिल्म रही, जिसने यह उपलब्धि हासिल की। डिस्को डांसर की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसके 12 करोड़ टिकट्स बिके थे। इसी के साथ डिस्को डांसर की वर्ल्ड वाइड कमाई लगभग 100.68 करोड़ रुपये तक पहुंच गई थी। फिल्म ने विदेशी कमाई के मामले में सारी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया, 1984 में रूस में लगभग 60 मिलियन रूबल (लगभग 94.28 करोड़ रुपये) का कलेक्शन किया।

# डिलेवरी बॉय से लेकर एसटीडी बूथ तक में किया काम

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मों में हीरो बनने का सपना लाखों एक्टर देखते हैं। लेकिन कुछ ही जुनूनी एक्टर्स का ये सपना सच हो पाता है। ऐसा ही एक जुनूनी अभिनेता है जिसने एक्टर बनने से पहले डिलेवरी बॉय के तौर पर काम किया। इतना ही नहीं एसटीडी फोन बूथ पर बतौर ऑपरेटर नौकरी की और क्लब्स में भी रोजगार तलाशते रहे। लेकिन जब हीरो बने तो धमाका कर दिया। अब इसी हीरो की फिल्म ने स्टारकिड्स जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर पटखनी दे डाली। हम बात कर रहे हैं 'सनम तेरी कसम' के हीरो 'हर्षवर्धन राणे' की।

***सनम तेरी कसम ने दुबारा रिलीज पर तोड़ा रिकॉर्ड*** : बॉलीवुड एक्टर हर्षवर्धन राणे की फिल्म 'सनम तेरी कसम' 9 साल बाद सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज हुई तो बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर गई। इस फिल्म ने दोबारा रिलीज होने पर अपनी पहली कमाई को पछाड़ दिया। इतना ही नहीं आमिर खान के लाडले जुनैद खान और बोनी कपूर की बेटी खुशी कपूर की फिल्म 'लवयापा' की कमाई को भी पीछे छोड़ दिया लेकिन हर्षवर्धन के लिए यहां का सफर आसान नहीं रहा है।

***डिलेवरी बॉय सहित कई जगह की नौकरी:*** इसके लिए हर्षवर्धन ने अपने स्ट्रगलिंग दिनों में डिलेवरी बॉय के तौर पर भी नौकरी की है। इसका खुलासा भी खुद हर्षवर्धन ने जॉन



अब्राहिम के साथ मुलाकात का किस्सा सुनाते हुए किया था। हर्षवर्धन ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया था, 'मेरे शुरुआती दिनों में मैंने कई तरह की नौकरियां की हैं। 2004 में मैंने एक एसटीडी बूथ में बतौर ओपरेटर की नौकरी की जहां मुझे दिनभर की कमाई में 10 रुपये मिला करते थे। इसके बाद मैंने साइबर कैफे में भी काम किया जहां मेरी तनख्वाह दिन की डबल यानी 20 रुपये हो गई थी।

***जॉन अब्राहम के घर गया था डिलेवरी देने*** : इसके बाद मैंने डिलेवरी बॉय का काम संभाला और मुझे जॉन अब्राहिम से मुलाकात का मौक भी मिला। मैं हैलमेट की डिलेवरी किया करता था और कंपनी ने जॉन अब्राहिम के यहां मुझे डिलेवरी के लिए भेजा था। जब मैं वहां पहुंचा तो जॉन अब्राहिम 10 मिनट बाद खुद मुझसे मिलने आए और मुझे शुक्रिया कहा। इतने बड़े स्टार की इस हम्बलनेस से मैं काफी प्रभावित हुआ था।'

***टीवी से की शुरुआत, मचाया जमकर धमाल*** : हर्षवर्धन ने अपने करियर की शुरुआत साल 2007 में आए टीवी सीरियल 'लेफ्ट राइट लेफ्ट' से की थी। इस सीरियल के बाद हर्षवर्धन ने साउथ की फिल्मों में काम तलाशना शुरू कर दिया। खास बात ये है कि हर्षवर्धन को साउथ की फिल्में भी मिलने लगीं। 2010 में हर्षवर्धन ने 'थकिता थकिता' नाम की साउथ फिल्म में काम किया। इसके बाद 2012 में 'ना इस्थाम' में अपनी एक्टिंग का जलवा दिखाया। इसके बाद ये सफर लगातार जारी रहा।

### री-रिलीज में स्टारकिड्स को पछाड़ा

हर्षवर्धन की फिल्म अब 2025 में पूरे 9 साल बाद सिनेमाघरों में रिलीज हुई तो तहलका हो गया और फिल्म ने 45 करोड़ रुपयों से ज्यादा की कमाई कर डाली। इतना ही नहीं हर्षवर्धन की फिल्म 'सनम तेरी कसम' ने बॉक्स ऑफिस पर स्टारकिड्स जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म 'लवयापा' को भी पछाड़ दिया है।

## नेशनल ब्रेवरी अवॉर्ड से की जा चुकी हैं सम्मानित

# 36 बच्चों की मां है 50 साल की ये हसीना, 600 करोड़ की प्रॉपर्टी को मार चुकी है ठोकर

*मुंबई। बॉलीवुड में ऐसे कई स्टार हैं, जो अपनी अदाकारी के साथ-साथ अपने सोशल वर्क के लिए भी जाने जाते हैं। इनमें सोनू सूद से लेकर जॉन अब्राहम और दीया मिर्जा सहित कई नाम शामिल हैं। ये स्टार, अपने-अपने स्तर पर सोशल वर्क में अपना योगदान दे रहे हैं। इस लिस्ट में 90 के दशक की भी एक एक्ट्रेस का नाम शुमार है। इस एक्ट्रेस ने जब इंडस्ट्री में कदम रखा तो अपनी क्यूटनेस और डिंपल्स से हर किसी का दिल जीत लिया। जी हां, हम बात कर रहे हैं बॉलीवुड की डिंपल गर्ल प्रीति जिंटा के बारे में। क्या आप जानते हैं, प्रीति जिंटा एक-दो नहीं बल्कि 36 बच्चों की मां हैं। कैसे, चलिए बताते हैं।*



### 34 बच्चे बाल निकेतन के और 2 खुद के

प्रीति जिंटा ने साल 2016 में अमेरिकी बॉयफ्रेंड जीन गुडइनफ से शादी की थी, जिनके साथ वह अब विदेश में ही सेटल हो चुकी हैं। शादी के पांच साल बाद दोनों सरोगेसी के जरिए 2 जुड़वा बच्चों जय और जिया के पेरेंट बने। लेकिन, इससे पहले ही प्रीति 34 बच्चों की मां बन गई थीं। प्रीति जिंटा ने 2009 में अपने 34वें जन्मदिन पर खुद को बहुत प्यारा सा गिफ्ट दिया और ऋषिकेश के मदर मिरेकल अनाथालय की 34 अनाथ बच्चियों को गोद लेने का फैसला किया। स तरह इन 34 अनाथ बच्चियों और अपने दो बच्चों के साथ प्रीति 36 बच्चों की मां बन चुकी हैं।



### 34 बच्चियों की पूरी परवरिश की ली जिम्मेदारी

प्रीति जिंटा ने एक पुराने इंटरव्यू में इन बच्चियों को गोद लेने की बात कही थी। इसी दौरान प्रीति ने कहा था कि वह हमेशा इन 34 बच्चियों की परवरिश का ख्याल रखेंगी। उनकी शिक्षा के खर्च से लेकर कपड़े, खाना और अन्य चीजों का खर्च भी वही उठाएंगी। प्रीति इन 34 बच्चियों को अपनी जिम्मेदारी मानती हैं और अक्सर अपनी इन बेटियों से मिलने ऋषिकेश जाती रहती हैं। प्रीति विदेश में रहते हुए भी इन बच्चियों के खर्च और जिम्मेदारी का पूरा ध्यान रखती हैं।

### 600 करोड़ की संपत्ति लेने से किया इंकार

प्रीति जिंटा को लेकर एक दिलचस्प किस्सा ये भी है कि उन्होंने विरासत में मिली 600 करोड़ की संपत्ति को ठोकर मार दी थी। दरअसल, अभिनेत्री को दिवंगत डायरेक्टर कमाल अमरोही के बेटे शानदार अमरोही अपनी बेटी की तरह मानते थे। यही नहीं, वे अपनी 600 करोड़ की संपत्ति प्रीति जिंटा को देना चाहते थे।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक, कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
- एलर्जी जाँच एवं इम्यूनोथेरेपी
- गले की लेजर सर्जरी
- खर्राटो का ईलाज

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
- दांतों में ज्वेलरी लगाना
- बच्चों के दूध के दांतों का इलाज एवं देखभाल

## खबर संक्षेप

### उसलापुर सहित तीन स्टेशनों में शुरू होंगे फूड प्लाजा, यात्रियों को मिलेगी सुविधा




**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने यात्रियो को बेहतर खानपान की सुविधा देने के लिए डिवीजन के चार प्रमुख स्टेशन उसलापुर, ब्रजराजनगर, अंबिकापुर और उमरिया में फूड प्लाजा यूनिट स्थापित करने का निर्णय लिया है, जिसके लिए आईआरसीटीसी की ओर से जल्द ही आनलाइन निविदा जारी किया जाएगा। उसलापुर सहित चार स्टेशनों में फास्ट फूड यूनिट के माध्यम से यात्रियों को स्टेशन पर ही गुणवत्तापूर्ण और स्वच्छ खानपान की सुविधा मिलेगी। इसके अंतर्गत उसलापुर स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 1 में फूड प्लाजा और प्लेटफार्म नम्बर 2-3 में फास्ट फूड यूनिट, ब्रजराजनगर स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 2-3 में फास्ट फूड यूनिट, अंबिकापुर स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर एक पर फास्ट फूड यूनिट एवं उमरिया स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर एक में फास्ट फूड यूनिट स्थापित किए जाएंगे। रेल प्रशासन की ओर से इसके लिए स्वीकृति प्रदान कर दी गई है, जिसमें आईआरसीटीसी अतिशीघ्र आनलाइन निविदा जारी करेगी। फूड प्लाजा और फास्ट फूड यूनिट्स में यात्रियों के लिए विविध प्रकार के खाद्य पदार्थ स्नैक्स, मुख्य भारतीय व्यंजन, पेय पदार्थ और हेल्दी फूड के विकल्प उपलब्ध रहेंगे। इसका उद्देश्य यात्रियों को सफर के दौरान स्वादिष्ट व स्वास्थ्य वर्धक भोजन प्रदान करना है, जिससे उनका सफर और भी आरामदायक व आनंददायक हो सके। इसके साथ ही यात्रियों को निर्धारित मूल्यों पर खानपान का बेहतर विकल्प भी मिलेगा।

### आल इंडिया गाड्‌र्स काउंसिल ने मनाया 60 वां स्थापना दिवस




**बिलासपुर।** भारतीय रेल के सभी 18 जोनों के 72 मंडलों में आल इंडिया गाड्‌र्स काउंसिल का 60 वां स्थापना दिवस मनाया गया। वक्ताओं ने बताया कि 18 फरवरी 1966 को लुधियाना के गार्ड अतर सिंह अहूजा के नेतृत्व में संचार साधनों के अभाव में भी विकट परिस्थितियों में आल इंडिया गाड्‌र्स काउंसिल की स्थापना दिल्ली में की गई थी। इस अवसर पर आज बिलासपुर रेलवे के सभी ट्रेन मैनेजरों ने मिलकर स्टेशन परिसर में संयुक्त लॉबी के सामने कार्यक्रम आयोजित कर स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान ध्वजारोहण, दीप प्रज्ज्वलन और केक काटा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय महामंत्री देवाजीत विश्वास ने की। इस अवसर पर संतोष कुमार मित्र, एके दीक्षित, विकास गेहरवार, संदीप, व्ही बलवंत, डीएन रवि और कमलेश सिंह ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन रजनी पटेल ने की। इस अवसर पर ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा की गई।

### रमन विश्वविद्यालय ने सपना को दी पीएचडी



**बिलासपुर।** डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय ने सपना नामदेव को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय बिलासपुर संभाग में पर्यटन विकास एवं संभावनाएं : एक भौगोलिक अध्ययन है। उन्होंने अपना शोध कार्य डा. रत्नेश कुमार खन्ना के मार्गदर्शन में पूरा किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता श्याम सुन्दर श्रीवास्तव एवं पति धनराज नामदेव को दिया है।

### प्रभु दर्शन भवन में डा. बुधिया को याद कर दी गई श्रद्धांजलि



**बिलासपुर।** प्रभु दर्शन भवन टिकरापारा में डा. मनीष बुधिया के निमित्त एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इसमें डा. मनीष बुधिया को परिवार के सदस्यों, बीके भाई-बहनों एवं नागरिकों ने भावभीनी श्रद्धांजली दी। इस अवसर पर बीके मंजू दीदी, डा. रश्मि बुधिया ने कहा कि ईश्वरीय और लौकिक परिवार के स्नेह ने मुझे सम्हाला है। परिवार में सहयोग की शक्ति विपरीत परिस्थिति में व्यक्ति को टूटने नहीं देता। मीनाक्षी बहन एवं छोटे भाई मयंक बुधिया ने भी अपने विचार रखें।

## पालिटिक्स प्लस

### छग भाजपा के नगरीय निकाय चुनाव संयोजक सवन्नी का सम्मान



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में हुए नगरीय निकाय चुनावों में भाजपा को एकतरफा मिली प्रचंड जीत में मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन का जादू जनता पर खूब चढ़ा, लेकिन नगरीय निकाय चुनाव के प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी के कुशल रणनीति को भी नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। उनकी टीम ने पूरे प्रदेश के एक एक निकायों के लिए रणनीति बनाई और प्रदेश में मिली एकतरफा जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तिफरा के भाजपा नेता नीरज याद्‌व ने बताया कि यह पहली बार नहीं है जब श्री सवन्नी के संगठन दक्षता का प्रत्यक्ष प्रमाण मिला हो। इसके पूर्व भी लोकसभा चुनाव राजनांदगांव में भूपेश बघेल को चुनाव हराना और विधानसभा चुनाव में दुर्ग जैसे कठिन संभाग के प्रभारी के रूप में अपना लोहा मनवा चुके हैं। प्रदेश से सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उनके निवास पहुंचकर इस सफलता के लिए उनका शाल श्रीफल भेंट सम्मान किया।

---

## सिम्स का रसोई घर

**सिम्स प्रबंधन द्वारा कराया जा रहा है निर्माण, 400 वर्गफीट बढ़ेगा कमरा**

# 20 साल पुराने कमरे में बनता है 700 बेड के मरीजों का भोजन, जल्द बनेगा रसोईघर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

20 सालों से चल रही सिम्स की रसोई जल्द ही नए क्लेवर में नजर आएगी। करीब 12 लाख रूपए की लागत से इसे संवारा जा रहा है, 700 बेड में भर्ती मरीजों को खाना देने वाली इस रसोई घर में जगह की कमी है। भंडारण और बैठक व्यवस्था नहीं हो पा रही है, वहीं डायटिशियन को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन प्रबंधन ने नया रसोईघर तैयार करने की योजना बन चुका है, अगले दो माह के भीतर रसोईघर बन कर तैयार होगा।

सिम्स अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या प्रतिदिन 700 के करीब होती है। इन मरीजों को 4 टाइम का खाना दिया जाता है, जिसे बनाने के लिए 20 साल पुराने कमरे का इस्तेमाल किया जा रहा है, कमरे में सीलन मौजूद है, वहीं सामानों के रखरखाव में भी दिक्कत आती है। जगह की कमी के चलते खाना बनाने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है। जिसे देखते हुए सिम्स प्रबंधन ने इसके विस्तार की रूपरेखा तैयार की है। रसोईघर का विस्तार करते हुए इसमें अतिरिक्त 400 वर्गफीट कमरे को जोड़ा जा रहा है, सिम्स के बाउंड्रीवाल से लगा हुआ कमरा बनाया जा रहा है, खाली पड़े परिसर में विस्तार किया जा रहा है, दो कीचन, डायटिशियन कक्ष, भंडारण गृह बनाया जाएगा। खास बात यह है कि 2 समय का नास्ता और 2 समय का खाना बनाने में कई घटों का समय लगता था, भंडारण की उपयुक्त व्यवस्था नहीं होने से बारिश के दिनों में काफी मशक्कत करनी पड़ रही थी, जिसके बाद ही नई रसोईघर बनाने का निर्णय किया गया है।



सिम्स का रसोई घर।

### स्टाफ के बच्चों के लिए एक्टिविटी रूम

सिम्स में कार्यरत नर्सेस और वुमन स्टाफ के बच्चों के लिए पालनाघर भी बनाया जा रहा है, यहां बच्चों के एक्टिविटी के लिए खिलौने और टीवी की व्यवस्था की जाएगी। यह कार्य महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से किया जा रहा है।

### रोजाना बदली जाएगी चादर

नई व्यवस्था के अनुसार मरीजों को चादर साफ कराने के लिए भटने की जरूरत नहीं पड़ेगी। प्रबंधन ने निजी अस्पताल की तरह सुविधा में विस्तार किया है। सिम्स में भर्ती मरीजों के बेड में अब दिनों के अनुसार चादर लगाए जाएंगें। जिसमें प्रतिदिन के अनुसार सोमवार से शनिवार के दिन अंकित होंगें। सोमवार से इसकी शुरूआत की गई है। अधीक्षक डॉ लखन सिंह ने बताया कि ट्राइएज में 12 बेड, आईसीयू 11 बेड,एमआईसीयू 32 बेड में यह व्यवस्था लागू कर दी गई है।

### इन मरीजों को दी जाती है भोजन

सिम्स में 700 बेड पर मरीज की देखभाल होती है। इन मरीजों को भोजन देने की व्यवस्था डायटिशियन के निर्देश पर ही होती है। सिम्स में प्रसुता, डायबिटिज, किडनी, ब्लड प्रेशर, हाईप्रोटीन जैसे अलग-अलग डायट दिए जाते है। साथ ही विशेष परिस्थितियों में मरीजों के डायट प्रोग्राम में बदलाव भी किया जाता है। कुष्ट और एड्स मरीज, संरक्षित जनजातियों को अनिवार्य डायेट के तहत भोजन देना होता है।

### किया जा रहा है सुधार

सिम्स में लगातार व्यवस्थाओं में सुधार कार्य किए जा रहे हैं। मरीजों को उच्च श्रेणियों की सहुलियत मिल सके इसके प्रयास किए जा रहे हैं। डायटिशियन रूम और रसोईघर बनाया जाना है, इसका काम शुरू होने वाला है। वहीं नई व्यवस्था के तहत बेड में दिन अंकित किया गया है, जिससे रोजाना मरीजों को बेड की चादर बदलवाने की नौबत नहीं आएगी, मेटर्न और स्टाफ दिन के अनुसार चादर बदलेंगे।

**-डॉ रमणेश मूर्ति**, डीन, सिम्स

---

**धूल के गुबार से लोगों का आना जाना हो रहा मुश्किल**

# बिना सुरक्षा के बन रही सड़क, शाम होते ही छा जाता है अंधेरा, हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रतनपुर से केंवची के बीच नेशनल हाइवे की सड़क खस्ताहाल है। इस सड़क पर हाल ही में निर्माण कार्य शुरू कराया गया है, लेकिन ठेकेदार द्वारा सुरक्षा मानकों को ताक पर रख दिया गया है। ऐसे में यह सड़क वाहनों के लिए खतरनाक साबित हो रहा है।

महाकुंभ के चलते लोगों को रतनपुर होते हुए रीवा के रास्ते प्रयागराज जाना पड़ रहा है, इसके लिए सबसे ज्यादा रतनपुर से केंवची और पेंड्रा मरवाही होते हुए रीवा सड़क का इस्तेमाल किया जा रहा है। आम तौर पर सड़क अच्छी होने से सफर भी आसान हो जाता है, लेकिन रतनुपर से केंवची के बीच चल रहे निर्माण कार्य के चलते लोगों का हाल बेहाल हो रहा है। सिंगल लेन सड़क पर टू लेन निर्माण किया जा रहा है। राज्य नेशनल हाइवे की ओर से सड़क बनाने का ठेका दिया गया है, करीब 77 किमी सड़क को बनाने में डेढ़ साल का समय लग सकता है। खास बात यह है कि सड़क की मजबूती के लिए सड़क के दोनों हिस्सों की चौड़ाई बढ़ाई जा रही है, सड़क पर मुरूम और मिट्टी पड़ी है, लेकिन सड़क निर्माण के दौरान ठेकेदार द्वारा ना तो डायवर्सन लगाया गया है और ना ही सुरक्षा फीता लगाया गया है, जिससे अनहोनी होने की आशंका बनी हुई है। वहीं शाम होते ही पूरी सड़क पर अंधेरा छा जाता है, जिससे आसपास के लोगों में दुर्घटना को लेकर भय व्याप्त है, इसकी जानकारी एनएच विभाग के अधिकारियों को मिलने के बाद अब सड़क पर सुरक्षा के उपाए बढ़ाने की बात कही जा रही है।

- **रतनपुर से केंवची तक बन रही सड़क पर विभाग की लापरवाही**



रतनपुर केंदा मार्ग में बनाई जा रही सड़क।

### 311 करोड़ होंगे खर्च

राज्य नेशनल हाइवे द्वारा करीब 311 करोड़ रूपए खर्च कर रतनपुर-केंदा-केंवची सड़क का निर्माण किया जा रहा है। यह सड़क काफी सालों से बदहाल है, सड़क कई जगहों से ध्वस्त हो चुकी है। हाल ही में नेशनल हाइवे ने इसका प्रस्ताव दिया था, जिसके बाद सड़क का निर्माण शुरू कराया गया है। बताया जा रहा है कि सड़क 10 मीटर चौड़ी होगी, जिसे दो चरणों में पूरा किया जा रहा है। केंदाघाट से रतनुपर के बीच 42 किमी सड़क बनाने में 171 करोड़ रूपए खर्च होंगें। वहीं केंदाघाट से केंवची सड़क 35 किमी सड़क 140 करोड़ रूपए में बन कर तैयार होगी। अनुबंध के अनुसार ठेकेदार को साल 2026 तक सड़क बनानी होगी।

### ठेकेदार को दी जाएगी समझाइश

सड़क बनाने के दौरान कई बार मिट्टी और रेत सड़क पर ही रखी जाती है। काम हाल ही में शुरू कराया गया है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य की जगहों पर रेत की बोरी रखी गई है, सड़क सुरक्षा को लेकर ठेकेदार को समझाईश दी जाएगी। पहले से बेहतर सड़क बनेगी।

**-संजय दिवाकर**, एसडीओ, एनएच

---

## सुपर स्पेशलिटी अस्पताल

### कार्डियोलाजिस्ट की भर्ती, 5 डायलिसिस मशीन का आर्डर

**बिलासपुर।** सिम्स सुपर स्पेशलिटी में महीनों से कार्डियोलाजिस्ट डाक्टर की कमी महसूस हो रही थी, हाल ही में अस्पताल प्रबंधन द्वारा सहायक प्राध्यापक कार्डियो की भर्ती की गई है। इसके साथ ही ह्दय रोग के लिए सह प्राध्यापक डाक्टर की नियुक्त की प्रक्रिया की जा रही है।

- **कोनी स्थित सिम्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में बढ़ाई जा रही सुविधाएं**

सिम्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में ह्दय रोग से संबंधित कार्डियोलॉजी और कार्डियोथोरसिक वैस्कुलर सर्जरी विभाग की स्थापना की जानी है, अस्पताल की शुरूआत से ही यहां डाक्टर की नियुक्ति नहीं हो सकी थी। ऐसे में सिम्स में ह्दय रोग का इलाज नहीं हो पा रहा था। मेडिसीन के डाक्टर ही मरीजों की देखभाल करते थे लेकिन सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में कार्डियोलाजिस्ट के तौर पर डीएम डा. अभिषेक कुमार की नियुक्ति की गई है। डा. कुमार सहायक प्राध्यापक है और इसके साथ ही कार्डियो विभाग में सह प्राध्यापक के तौर पर डा. बजरंग बसंल की नियुक्ति की जानी है। इसके साथ ही सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में ह्दय रोग की ओपीडी सुविधा शुरू की जा चुकी है। वहीं किडनी रोग के लिए डा. योगेन्द्रश्वर शर्मा और न्यूरोलाजिस्ट के तौर पर डा. नीरज प्रसाद की नियुक्ति पहले की जा चुकी है।



#### रोजाना 60 से अधिक ओपीडी

सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में रोजाना 60 से अधिक की ओपीडी दर्ज की जा रही है। कम सुविधा और स्टाफ की कमी के बावजूद मरीजों का विश्वास अस्पताल के प्रति बढ़ रहा है, उपचार से लाभ प्राप्त कर रहे हैं। सिम्स के 16 एमबीबीएस व जूनियर रेसीडेंसी डाक्टर भी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में अपनी सेवा दे रहे हैं।

#### जल्द होगी डाक्टरों की भर्ती

सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में कार्डियोलाजिस्ट की भर्ती की गई है। ह्दय रोगियों के ओपीडी उपचार अस्पताल में किए जा सकते हैं। अन्य डाक्टरों की भर्ती भी जल्द हो जाएगी।

**-डा. रमणेश मूर्ति**, डीन, सिम्स

---

### नाइस टेक बना एनआईआईटी का अधिकृत सर्विस प्रोवाइडर

**बिलासपुर।** नाइस टेक एनआईआईटी का अधिकृत सर्विस प्रोवाइडर नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही एक्सिस बैंक के साथ 100 प्रतिशत जाब प्लेसमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नाइस टेक ने घोषणा की कि अब यह एनआईआईटी का अधिकृत सर्विस प्रोवाइडर बन चुका है। एनआईआईटी जो कि भारत के सबसे प्रतिष्ठित प्रशिक्षण संस्थानों में से एक है, पिछले 40 वर्षो से पेशेवर प्रशिक्षण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहा है। उन्होंने बताया कि एनआईआईटी और एक्सिस बैंक के सहयोग से एक्सिस बैंक यंग बैंकर्स प्रोग्राम शुरू किया गया है, जो विशेष रूप से बैंकिंग फायनेंशियल सर्विस एण्ड इंश्योरेंस क्षेत्र के लिए प्रशिक्षित और बहु-कुशल पेशेवरों की मांग को पूरा करने पर केंद्रित है। साथ ही यह कार्यक्रम एक्सिस बैंक के अलावा एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के साथ भी जुड़ा है। जिससे छात्रों को अधिक से अधिक अवसर मिल सकें। हाल ही में नाइस टेक और एनआईआईटी ने मिलकर एलसीआईटी कॉलेज और नाइस टेक कैंपस में दो महत्वपूर्ण सेमिनारों का आयोजन किया। इन सेमिनारों में 80 प्लस ग्रेजुएट और एमबीए छात्रों ने भाग लिया। इस दौरान 10 उम्मीदवारों का इंटरव्यू लिया गया और 5 उम्मीदवारों ने ऑनलाइन आवेदन पत्र भरकर जमा भी कर दिया। यह कार्यक्रम छात्रों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो उन्हें बैंकिंग के क्षेत्र में एक स्थिर और सम्मानजनक करियर बनाने में मदद करेगा। सेमिनार में मयंक कुकरेजा, विश्वजीत पॉल, विकास पाण्डेय, अमित पांडेय ने अपने विचार रखे और छात्रों को बैंकिंग क्षेत्र में करियर के अवसरों की जानकारी प्रदान की।



**एजुकेशन प्लस**

---

## स्टूडेंट्स आर्गेनाइजेशन ने किया प्रदर्शन




**बिलासपुर।** छात्र संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन व जिला कमेटी ने चार वर्षीय स्नातक कोर्स, सेमेस्टर परीक्षा प्रणाली एवं कॉलेजों को ऑटोनॉमस किए जाने के खिलाफ जमकर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने राजीव गांधी चौक में धरना देकर नेहरू चौक तक जिला स्तरीय रैली निकाली। इस प्रदर्शन में आर्गेनाइजेशन के राज्य कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा व सचिव जैनपाल शामिल हुए। जिला अध्यक्ष त्रिलोचन साहू ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, शिक्षा के मूल उद्देश्य को नष्ट करने का विनाशकारी कदम है, जिसके तहत कॉलेजों को ऑटोनॉमस, चार वर्षीय स्नातक कोर्स, सेमेस्टर परीक्षा प्रणाली लागू की गई है।

शिक्षा के निजीकरण, व्यापारीकरण, केंद्रीकरण व साम्प्रदायिकरण को बढ़ावा मिलेगा। सचिव सूरज साहू ने कहा कि नई शिक्षा नीति कॉलेज में पुनर्मूल्यांकन का अवसर खत्म कर दिया है, सेमेस्टर सिस्टम में सही समय पर परीक्षा नहीं होती है, शिक्षा को बेहतर बनाने के नाम पर साल में 2 बार फीस ली जा रही है जिससे छात्रों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।

### सिम्स में डायबिटिज की रोकथाम और इंसुलिन के उपयोग पर चर्चा

**बिलासपुर।** सिम्स में नर्सिंग एजुकेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ एम सिल्वा और रजा ने डायबिटिज की रोकथाम और इंसुलिन के उपयोग पर सेमिनार की गई। डीन डॉ रमणेश मूर्ति और अधीक्षक डॉ लखन सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी अधिष्ठाता डॉ अर्चना सिंह, डॉ आशुतोष कोरी, श्रीमती एचडी बोगी व समस्त नर्सिंग सिस्टर और स्टाफ नर्स उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम का संचालन श्रीमती पुष्प प्रकाश शर्मा नर्सिंग सिस्टर कैजुअल्टी ओपीडी द्वारा किया गया। सेमिनार में डॉ सिल्वा ने डायबिटिज से होने वाले प्रभाव की जानकारी दी, इस के साथ ही इंसुलिन के प्रकार, सावधानियां और प्रभाव के संबंध में चर्चा की। इस दौरान सिम्स के नर्सिंग सिस्टर व स्टाफ नर्स को जानकारी दी गई की पहले के समय में उपयोग होने वाले इंसुलिन में मरीजों को दर्द सहना पड़ता था, लेकिन वर्तमान में एडवांस तकनीक के जरिए इंसुलिन लगाई जा रही है जो काफी आसान है।

---

**छत्तीसगढ़ स्टेट बार कौंसिल का बीते छह साल से चुनाव नहीं हो पाया, हाईकोर्ट ने बीसीआई सेक्रेटरी से जवाब मांग**

# 10 साल पहले हुए बार कौंसिल में संशोधन की जानकारी किसी को नहीं दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट बार कौंसिल का बीते छह साल से चुनाव नहीं हो पाया है। निर्वाचित पदाधिकारियों के ना होने से अधिवक्ताओं के वेलफेयर से लेकर जरुरी काम अटका पड़ा हुआ है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने इसे स्वतः संज्ञान में लेकर पीआईएल के रूप में सुनवाई प्रारंभ की है।

मंगलवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच में मामले की सुनवाई हुई। मामले में हाईकोर्ट ने बार कौंसिल आफ इंडिया के सेक्रेटरी को नोटिस जारी किया है। दरअसल स्टेट बार कौंसिल की तरफ से पेश चुनाव कार्यक्रम पर बार कौंसिल आफ इंडिया ने आपत्ति की और कहा कि स्टेट बार कौंसिल द्वारा जारी इस चुनाव कार्यक्रम पर बार कौंसिल आफ इंडिया (बीसीआई) के वकील ने कहा कि नए नियमों तहत संशोधन किया गया है इसमें 120 दिन के बजाय 150 दिन पहले अधिसूचना जारी होनी चाहिए। यह संशोधन 2015 में हो चुका है। इस पर स्टेट बार कौंसिल की ओर से कहा गया कि संशोधन की जानकारी नहीं है क्योंकि बीसीआई ने इसे नियमावली में प्रकाशित नहीं कराया। कोर्ट ने 10 साल पहले हुए संशोधन की जानकारी नियमावली में शामिल नहीं करने पर नाराजगी जताते हुए बीसीआई को नोटिस जारी कर जवाब देने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 3 मार्च को होगी। याचिका के अनुसार छह साल से अधिवक्ताओं के कल्याणकारी कार्य, अधिकारों की रक्षा, कानून सुधारों को बढ़ावा देना, सेमिनार का आयोजन जैसे काम नहीं हो पा रहा है। यह सब निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के ना होने के कारण बाधित हो रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य बार कौंसिल के कार्यशील ना होने के कारण छत्तीसगढ़ परिषद, अधिवक्ताओं का प्रवेश, एनरोलमेंट बनाए रखना, कदाचार का निर्धारण, पत्रिकाओं का प्रकाशन, कानूनी सहायता का आयोजन, चुनावों के लिए प्रदान की गई निधि का प्रबंधन, विश्वविद्यालयों का दौरा, कल्याणकारी योजनाओं का आयोजन, विधि पुस्तकालयों की स्थापना आदि कार्य बंद पड़ा हुआ है। इसका सीधा असर अधिवक्ताओं पर पड़ रहा है। हाईकोर्ट ने मामले में स्टेट बार कौंसिल और बार कौंसिल आफ इंडिया को नोटिस जारी किया था।



### स्टेट बार ने पेश की चुनाव प्रक्रिया

मामले में सुनवाई के दौरान स्टेट बार कौंसिल की ओर से चुनाव कराने के लिए कार्यक्रम की जानकारी दी गई। इसमें कहा गया कि 10 मार्च 2025 तक मतदाता सूची तैयार कर ली जाएगी। 10 अप्रैल को प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन होगा तो 26 अप्रैल तक इसमें आपत्ति की जा सकेगी। 8 मई को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। 15 मई को नोटिफिकेशन जारी होगा। नामांकन फार्म प्राप्त करने और जमा करने की तारीख 22 मई से 28 मई तक होगी। नामांकन आवेदन पत्रों की स्क्रूटनी 30 मई से 2 जून 2025 तक होगी। नाम वापसी 3 जून से 7 जून तक होगा। उम्मीदवारों को फाइनल सूची 8 जून को वर्गवार जारी होगी। 18 जुलाई को मतदान तो इसके बाद 7 अगस्त को मतगणना और परिणाम जारी किए जाएंगे।

### मस्तूरी के सिरसा बांध के डुबान में आए जमीन मालिकों को मुआवजा देने का आदेश

हाईकोर्ट ने मस्तूरी के सिरसा बांध के डूबान में आए जमीन का नए सिरे से सीमांकन कर जिनकी जमीन डुबान में आए हैं, उन्हें उचित मुआवजा देने का आदेश दिया है। कोर्ट ने आदेश प्राप्त होने के 60 दिवस के अंदर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। मस्तूरी क्षेत्र में जल संसाधन विभाग द्वारा सिरसा बांध का निर्माण किया गया है। याचिकाकर्ता केरा बाई एवं मुना बाई की भूमि डुबान में आई है। जमीन डुबान में आने पर भूस्वामियों ने 2007 से यहां खेती बंद कर दिया है। भूमि स्वामियों ने मुआवजा दिलाए जाने की मांग करते हुए एसडीओ भू अर्जन, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग सहित अन्य को आवेदन दिया। आवेदन निरस्त होने पर इन्होंने अधिवक्ता योगेश चंद्रा के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका पेश की। याचिका में उन्होंने एसडीओ का सीमांकन रिपोर्ट पेश किया एवं जमीन डूबान में आने के कारण मुआवजा दिलाए जाने की मांग की। जल संसाधन विभाग ने याचिकाकर्ताओं की जमीन डूबान में नहीं आने के कारण मुआवजा का हकदार नहीं होने जवाब प्रस्तुत किया। जस्टिस विभु दत्त गुरू की कोर्ट में सुनवाई हुई। उन्होंने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ताओं के पीठ के पीछे कार्रवाई की गई है। उन्हें जानकारी ही नहीं दी गई, जो कि अनुचित है। कोर्ट ने एसडीओ भू अर्जन को आदेश प्राप्त होने के बाद 60 दिन के अंदर नए सिरे से सीमांकन करने एवं यदि याचिकाकर्ताओं की जमीन डूबान में आई है, तो उन्हें उचित मुआवजा देने का आदेश दिया है।

## खबर संक्षेप

### उचित मूल्य की दुकान के निरस्तीकरण के आदेश को हाईकोर्ट ने किया निरस्त




**तखतपुर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तखतपुर द्वारा जारी किए गए गनियारी उचित मूल्य की दुकान के निरस्तीकरण के आदेश को हाईकोर्ट ने निरस्त कर दिया है। अनुविभागीय अधिकारी द्वारा 27 नवम्बर को गनियारी की उचित मूल्य की दुकान का संचालन करने वाले जय रणजी माता महिला स्वसहायता समूह को दुकान के संचालन में अनियमितता पाए जाने पर संचालन से पृथक करते हुए निरस्त कर दिया था, जिस पर समूह ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। याचिका पर कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद पाया कि समूह को संचालन से पृथक करने से पहले उनके पक्षों को नहीं सुना गया जो प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के विपरीत है। इसलिए इस आदेश को रद्द किया जाता है।

### बस में शराब पीकर अभद्रता व मारपीट, अपराध दर्ज

**तखतपुर।** बस में शराब पीकर गाली-गलौज करने वाले आरोपीयों के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेलसरी निवासी आकाश लहरे ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह बस में बिलासपुर से तखतपुर आ रहा था। इस दौरान बस में बैठे तीन-चार युवक शराब पीकर गाली-गलौज कर रहे थे। जब शराबी युवकों को गाली-गलौज करने से मना किया तो उन लड़कों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी, आकाश ने गटना की शिकायत थाने में की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115,2 296,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

### लापरवाह चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**तखतपुर।** लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले चालक के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड 12 निवासी नाजिर हुसैन जायसी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि 16 फरवरी को उसकी महिंद्रा कार सीजी 10 एजी 0783 के चालक राकेश कुमार ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने चालक के खिलाफ धारा 125ए, 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

### वायर खींचने से मना करने पर युवक के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** चुनाव प्रचार वाहन के वायर को खींचने से मना करने पर ग्रमीण ने युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार धुमा निवासी नरोत्तम यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 16 फरवरी की शाम को चुनाव प्रचार वाली गाड़ी में लगे तार को गांव का ही रोहित तंवर खींच रहा था। उसने जब रोहित को तार खींचने से मना किया तो रोहित ने उसके गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी, जिसकी शिकायत थाने में दर्ज काई गई। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 296, 351,2 115,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

### एमपी की शराब सहित दो आरोपी गिरफ्तार, आबकारी विभाग की कार्रवाई



**लोरमी।** आबकारी विभाग की टीम ने राम्हेपुर मुख्य नहर के पास दबिश देकर मप्र की अवैध शराब सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 17 फरवरी को मुखबिर की सूचना पर विभाग की टीम ने रामहेपुर मुख्य नहर के समीप दबिश देकर मध्यप्रदेश से लाई गई अवैध शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी हितकर चौहान निवासी चाड़ा मप्र एवं चंद्रकुमार धुर्वे निवासी चाड़ा मप्र के कब्जे से 15 पेटी कुल 750 नग पाव देशी मदिरा प्लेन आरक्षित बाजार मूल्य 52 हजार 5 सौ एवं परिवहन में प्रयुक्त ऑल्टो कार एमपी 20 जेड ई 3258 कीमत 5 लाख 52 हजार 500 को जब्त किया गया। दोनों के आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क, 34(2),36, 59(क) के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए आरोपियों गिरफ्तार किया गया।

## निधन



### बलदेव राज शर्मा

**बिलासपुर।** राजकिशोर नगर निवासी बलदेव राज शर्मा का 18 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 19 फरवरी को सरकंडा मुक्तिधाम में दोपहर 1 बजे किया जाएगा। वे संध्या रानी शर्मा के पति तथा आकाश, निधि एवं अनुराग शर्मा के पिता थे।



### मोहन दास नोतानी

**बिलासपुर।** केशव मुर्राभट्ठा गली नंबर - 1 हेमू नगर निवासी मोहनदास नोतानी का 18 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 19 फरवरी को दोपहर 3 बजे उनके निवास से तोरवा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।



### भूपेश मिंटू जायसवाल

**जरहागांव।** जरहागांव निवासी भूपेश मिंटू जायसवाल का 24 वर्ष की आयु में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे शिक्षक रामकुमार जायसवाल के पुत्र, राजेंद्र जायसवाल के भतीजे तथा दिव्यांशु जायसवाल के भाई थे।

## मुंगेली जनपद पंचायत क्षेत्र की 124 ग्राम पंचायत में बनाए गए थे 351 मतदान केंद्र

# मुंगेली ब्लॉक में 77 प्रतिशत मतदान, दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली


विजयी प्रत्याशी को रंग गुलाल लगाकर जीत का जश्न मनाते ग्रामीण।

मुंगेली ब्लॉक में गांव की सरकार बनाने के लिए कुल 77.04 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उत्साहपूर्वक प्रयोग किया। विजयी प्रत्याशियों को उनके समर्थक फूल-माला एवं रंग-गुलाल लगाकर बधाई देते रहे। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिले के जनपद पंचायत क्षेत्र मुंगेली में प्रथम चरण का मतदान 17 फरवरी सोमवार को शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुआ। सभी पंचायतों के मतदाता अपने घरों से निकलकर संबंधित मतदान केन्द्र पहुंचे और निर्भीक होकर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता निभाई।

मुंगेली जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत कुल 124 ग्राम पंचायत हैं, जिसमें 351 मतदान केन्द्र बनाए गए थे। जनपद पंचायत मुंगेली क्षेत्र अंतर्गत जिला पंचायत के 4 सीटों के लिए 31 प्रत्याशी, जनपद सदस्य के 25 सीटों के लिए 144 प्रत्याशी, सरपंच के 118 सीटों के लिए 626 प्रत्याशी और पंच के 1125 सीटों के लिए 2702 प्रत्याशी चुनाव के मैदान में थे। मतदान के दौरान सभी वर्ग के मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मतदान का प्रतिशत 77.04 रहा, इनमें 77.54 पुरूष मतदाता और 76.52 प्रतिशत महिला मतदाता शामिल हैं। मतदान के बाद देर रात्रि तक चली मतगणना में सरपंचों एवं जनपद सदस्यों के परिणाम आते रहे। जनपद उपाध्यक्ष पवन पाण्डेय अपने निर्वाचन क्षेत्र को छोड़कर दूसरे निर्वाचन क्षेत्र धनगांव गोसाई से चुनाव लड़कर विजयी घोषित हुए। विजयी प्रत्याशी पवन पाण्डेय को उत्साही समर्थकों ने फूल माला एवं रंग गुलाल लगाते हुए बधाई दी। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के मार्गदर्शन में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए मतदान केन्द्रों में सभी मूलभूत सुविधाओं के साथ शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने हेतु सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। मतदान समाप्ति के पश्चात मतगणना संबंधित मतदान केन्द्रों में की गई, जिसके बाद मतदान दलों की शासकीय एसएनजी महाविद्यालय में सकुशल वापसी हुई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी और उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेनका प्रधान सहित संबंधित अधिकारियों ने पुष्पाहार पहनाकर मतदान टीम का स्वागत किया और सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने के लिए बधाई दी गई।

## लंबे अरसे बाद सीपत की बागडोर महिला सरपंच के हाथों में



### सीपत में विकास की नई इबारत लिखूंगीः मनीषा

**सीपत।** मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण का मतदान सोमवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मतदाताओं में सुबह से ही गांव की सरकार चुनने को लेकर खासा उत्साह देखा गया। शाम को पंच, सरपंच व जनपद सदस्य के चुनाव के परिणाम आते ही समर्थक खुशी से झूम उठे। सीपत में मनीषा योगेश वंशकार ने 2274 मतों से जीत दर्ज कर करते हुए सरपंच निर्वाचित हुईं। वहीं मनोज खरे ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 377 मतों से पराजित कर जनपद सदस्य के पद पर अपना कब्जा जमाया। मतगणना प्रारंभ होते ही मनीषा योगेश वंशकार को लगातार मिलती बढ़त को लेकर शुरू से ही समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। बता दें कि सीपत एनटीपीसी में आजादी के बाद पहली बार आदिवासी सीट आरक्षित हुई, जिसमें लंबे अरसे के बाद सरपंच पुरुषों को पछाड़ कर महिला ने एकतरफा बाजी मारी। मस्तूरी विकासखंड के हाई प्रोफाइल ग्राम पंचायत एनटीपीसी सीपत की सीट में ग्रामवासियों ने इस बार महिला सरपंच प्रत्याशी पर भरोसा जताते हुए ऐतिहासिक वोटों से मनीषा योगेश वंशकार को विजयी बनाया। ग्राम पंचायत सीपत में कुल 8920 मतदाताओं में लगभग आधे से ज्यादा लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यहां पर कुल चार उम्मीदवार खड़े हुए जिसमें छेदीलाल नेताम, ज्योति लक्ष्मी वंशकार, कार्तिक सिदार, मनीषा योगेश वंशकार शामिल थे। 20 वार्ड में सभी में शुरुआत से ही बढ़त बनाते हुए मनीष योगेश वंशकार ने 2274 मतों की प्रचंड बढ़त के साथ जीत हासिल की। जीत के बाद मनीषा योगेश वंशकार ने जनता का आभार व्यक्त किया।

## जिपं क्षेत्र क्रमांक 10 से राजेंद्र की जीत



सीपत। मस्तूरी विकासखंड के अंतर्गत जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 से राजेंद्र धीवर ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी नंदिनी पवन साहू को 2080 मतों से हराकर जीत हासिल की। बता दें कि इस जिला पंचायत क्षेत्र में कुल 29 ग्राम पंचायतें हैं जिसमें कुल 40 ग्राम शामिल हैं। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 से कुल 9 प्रत्याशियों ने अपनी किस्मत आजमाई, जिसमें दिकपाल सिंह 2031, हेमंत यादव 4239, महेश्वर सिदार 705 नंदिनी पवन साहू 8882 नूरी दिलेंद्र कौशिल 7405 राजेंद्र धीवर 10962 रामचरण साहू 462 संतोष, कुमार भोई 623 एवं सुरेश महंत को 1685 मत मिले। इस तरह राजेंद्र धीवर ने अपने निकटतम प्रत्याशी नंदनी पवन साहू को 2080 मतों से पराजित कर विजय हासिल की। श्री धीवर वर्तमान में सीपत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भी हैं। इनके विजयी होने पर समर्थकों में खासा उत्साह है।

## ग्राम पंचायत, जनपद व जिला पंचायत के लिए चुने गए प्रतिनिधि

**जरहागांव।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को तहत ग्राम पंचायतों का चुनाव 17 फरवरी को संपन्न हुआ। इस दौरान ग्रामीणों में सरपंच व पंच चुनने को लेकर काफी उत्साह देखा गया। ग्राम पंचायत कुरानकापा में निर्मला रामनारायण मेरसा ने 91 मत से जीत हासिल की। इसी तरह ठकुरीकापा में रानी बंटी जायसवाल 147 वोट, सेमरचुवा में चम्पा बाई 393 वोट से, झझपूरी खुर्द में सुशीला दुकलहा मेहर निर्विरोध, भठलीखुर्द में भुनेश्वरी देवी प्रसाद 322 वोट से, धनगांव गोसाई में रामखेलावन नेताम ने विजयी हुए। बरदुली में रानू तुकाराम साहू 161 वोट, दशरंगपुर से लक्ष्मीचंद गोढ़ा मोहले, छतौना से किरण श्रीकांत कश्यप 355 वोट, पदमपुर से अनिल जायसवाल 462 वोट, बिरगांव में विनोद कश्यप 250 वोट, कोना से राजकुमार सोनवानी एवं घुंडूकापा से मीना परस ने 4 वोटों से विजय प्राप्त की। जनपद क्षेत्र पदमपुर से गोविंद मोहले 400 वोट ,जनपद क्षेत्र धनगांव गोसाई से पवन पांडेय, जिला पंचायत क्षेत्र धरमपुरा से उमाशंकर साहू, जिला पंचायत क्षेत्र दशरंगपुर से श्रीकांत पांडेय ने ऐतिहासिक जीत हासिल की।

## ग्राम पंचायत ओखर में ललिता की ऐतिहासिक जीत



**मल्हार।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण में मस्तूरी विकासखंड में पंचायत चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें ग्राम पंचायत ओखर से ललिता लक्ष्मी प्रसाद यादव व नंदनी साहू प्रत्याशी के रूप में अपना भाग्य आजमा रहे थे। मतगणना के बाद ललित लक्ष्मी यादव को 1846 में से 1325 एवं नंदनी साहू को 475 वोट मिले। इस तरह 850 वोटों के अंतर से ललिता लक्ष्मी प्रसाद यादव ने ग्राम ओखर में ऐतिहासिक जीत दर्ज की। ग्राम पंचायत ओखर में अभी तक के किसी भी प्रत्याशी ने इतने अधिक अंतर से जीत नहीं दर्ज की थी। नवनिर्वाचित सरपंच लक्ष्मी यादव ने कहा कि यह जीत निश्चित रूप से ग्राम ओखर के जागरूक मतदाताओं की है। जिन्होंने जात-पात से ऊपर उठकर के ग्राम विकास के लिए के लिए मुझे चुना है। उन्होंने आगे कहा कि यह जीत चुनाव तक ही सीमित है, चुनाव के पश्चात हम सब ग्रामवासी एक हैं। गांव के मनहरण लाल पटेल ने कहा कि निश्चित रूप से यह जीत गांव के विकास हेतु संकल्पित जीत है। हमारे गांव लिए यह नया सवेरा है। हम सबको मिलजुल करके गांव के विकास के लिए कार्य करना होगा। जीत के बाद विजयी प्रत्याशी यादव ने ग्राम के गोठान का चरण वंदन कर गांव के देवालयों का भ्रमण किया और आशीर्वाद लिया।

## जिपं व जपं सदस्यों के सारणीकरण एवं परिणाम के लिए तिथि निर्धारित




**मुंगेली।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य एवं जनपद पंचायत सदस्यों के सारणीकरण एवं परिणाम की घोषणा के लिए तिथि निर्धारित की गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेनका प्रधान ने बताया कि मुंगेली जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत जिला पंचायत सदस्यों के परिणाम की घोषणा 20 फरवरी को सुबह 10.30 बजे जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष तथा जनपद पंचायत सदस्यों के परिणाम की घोषणा 19 फरवरी को सुबह 9 बजे शासकीय एसएनजी महाविद्यालय में की जाएगी। इसी तरह लोरमी जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत जिला पंचायत सदस्यों का सारणीकरण एवं परिणाम की घोषणा 23 फरवरी को सुबह 10.30 बजे जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष तथा जनपद पंचायत सदस्यों के परिणाम की घोषणा 22 फरवरी को सुबह 9 बजे शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सारधा लोरमी में की जाएगी। पथरिया जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत जिला पंचायत सदस्यों के परिणाम की घोषणा 25 फरवरी को दोपहर 3 बजे जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष तथा जनपद पंचायत सदस्यों के परिणाम की घोषणा सुबह 9 बजे विकासखण्ड मुख्यालय पथरिया के मंगल भवन में की जाएगी।

## जिपं सीईओ ने किया मतदान सामग्री वितरण केन्द्र का निरीक्षण


निरीक्षण करते जिला पंचायत सीईओ।

**मुंगेली।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत 20 फरवरी को द्वितीय चरण में लोरमी जनपद पंचायत क्षेत्र में मतदान होगा। इसके लिए लोरमी के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सारधा में सामग्री वितरण एवं वापसी केन्द्र बनाया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने मंलवार को सारधा-लोरमी में स्थापित मतदान सामाग्री वितरण-वापसी केन्द्र का निरीक्षण किया। जिला पंचायत सीईओ ने केन्द्र में वाहन पार्किंग, पेयजल, भोजन व्यवस्था, बिजली, साउंड सिस्टम, मतदान दल के मिलान स्थल, बैठक व्यवस्था हेतु संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बता दें कि लोरमी क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए मतदान दलों को बुधवार 19 फरवरी को सुबह 7 बजे सामग्री वितरण कर मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया जाएगा।

## रतनपुर में निकली भाजपा की विजय आभार रैली




**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी रतनपुर मंडल और चुनाव प्रभारी वी रामाराव के नेतृत्व में तुलजा भवानी से लेकर रेस्ट हाउस तक जनता का आभार जताने के लिए भव्य विजय रैली निकाली गई।

रतनपुर नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लवकुश कश्यप एवं भाजपा के 8 पार्षदों की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ रैली में हिस्सा लिया। भव्य विजय रैली मंगलवार को सुबह 10 बजे तुलजा भवानी चौक से प्रारंभ होकर करैहापारा होते हुए नया बस स्टैंड, महामाया चौक से महामाया मंदिर दर्शन करते हुए भीम चौक, बड़ी बाजार, नूतन चौक, हाई स्कूल चौक होते हुए रेस्ट हाउस समाप्त हुई। प्रभारी वी रामाराव ने बताया कि हमारे नवनिर्वाचित अध्यक्ष लवकुश कश्यप और पार्षदों के द्वारा जनता का धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए यह भव्य रैली निकाली गई। रतनपुर की जनता ने भारतीय जनता पार्टी के ऊपर जो भरोसा जताया है उस पर खरा उतरते हुए भाजपा के सभी पदाधिकारी व अध्यक्ष जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर काम करेंगे एवं ट्रिपल इंजन की सरकार से रतनपुर का चहुंमुखी विकास कराएंगे। विजय आभार रैली में प्रमुख रूप से बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, भाजपा जिला अध्यक्ष ग्रामीण मोहित जायसवाल, प्रभारी वी रामाराव, नवनिर्वाचित अध्यक्ष नगरपालिका लवकुश कश्यप, चुनाव संयोजक डॉ सुनील जायसवाल, मंडल अध्यक्ष तीरिथ यादव, मंडल महामंत्री रोहिणी बैसवाडे, संतोष तिवारी, बबलू कश्यप, लबबा सरदार, सुरेश सोनी, भूपचंद शुक्ला, राधे पटेल, ललित अग्रवाल, घनश्याम रात्रे, संजय साहू, रविंद्र दुबे, अजय महावर, प्रशांत यादव, ज्वाला कौशिक, वासित अली, पवन पाठक, ज्ञानेंद्र कश्यप, राजू शर्मा, शिवेंद्र गुप्ता, विक्की अग्रवाल, संतोष प्रजापति, दिनेश प्रभाकर, अनिल यादव, विजय दीपक, बजरंग जायसवाल, प्रमोद कश्यप, बीज्जू कश्यप, सावित्री रात्रे, नीतू सिंह, उषा चौहान, राजकुमारी बिसेन, प्रेमलता तंबोली, स्वीटी शर्मा, प्रमिला कश्यप, मधु राजपूत, प्रभा मानिकपुरी, विजयश्री राजपूत, राजू मानिकपुरी, शत्रुहन सूर्यवंशी, संदीप राव, शंकर राव आदि मौजूद थे।



## नवनिर्वाचित पार्षदों ने विधायक धर्मजीत से की मुलाकात

**तखतपुर।** नवनिर्वाचित पार्षदों ने विधायक धर्मजीत सिंह से मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद लिया। नगरपालिका तखतपुर में चुनाव के बाद भाजपा के निर्वाचित पार्षद कोमल सिंह ठाकुर, इस्लाम अंसारी, कैलाश देवांगन, अंजू देवांगन, अंकित अग्रवाल, प्रियंका आहुजा ने विधायक धर्मजीत सिंह के निवास में मंडल अध्यक्ष नैनलाल साहू के नेतृत्व में मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद लिया। विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि नगर विकास के लिए सभी मिलकर एक साथ कार्य करेंगे और नगरपालिका क्षेत्र में शासन की सभी योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।


## गुमशुदा



संतोष दुबे पिता स्व. बी.पी. दुबे उम्र 45 साल निवासी आदर्श नगर, थाना सिरगिट्टी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) जो दिनांक 03/02/2025 को दोपहर 1:00 बजे घर से बिना बताये कहीं चला गया है, जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। उंचाई 5 फिट 6 इंच, रंग सांवला, चेहरा लंबा, बाल काले, शारीरिक स्थिति सामान्य, काला शर्ट, पेंट पहना है, हिन्दी छत्तीसगढ़ी बोलता है। जिस किसी को मिले या दिखे कृपया इस पते पर सूचित करें:- **विमला दुबे, आदर्श नगर, थाना सिरगिट्टी बिलासपुर मो. 9827181460**


## अखण्ड नवधा रामायण में भरत मिलाप की कथा का वर्णन



**मस्तूरी।** ग्राम खैरा में अखंड नवधा रामायण का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को 6वें दिन राम नाम की महिमा का गुणगान किया गया जिसमें अयोध्या काण्ड के अंतर्गत भरत मिलाप की कथा का वर्णन किया गया।

राजकिशोर नगर, आरसमेटा, कोटा, जांजी, चारपारा, पचरी दल्हा, तोरवा बिलासपुर, मधुवा, खपरी, दर्रा भाटा, कोटमी सुनार, पाराघाट, बिजौर, कटनई, अकलतरी, बिल्हा, सरकंडा, देवकीरारी, पोड़ी दल्हा, सहित 28 मानस मंडलियों ने गायन वादन कर समस्त ग्रामवासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राम नाम की महिमा का गुणगान करते हुए बताया गया भरत को उनके बड़े भाई श्रीराम के प्रति समर्पण के लिए जाना जाता है। उन्होंने अपनी मां के खिलाफ जाकर अपने बड़े भाई के लिए अयोध्या की गद्दी को अस्वीकार कर दिया। जब तक कि राम, सीता और लक्ष्मण अयोध्या वापस नहीं आ गए तब तक भरत ने भी नंदीग्राम में निवास कर अपना जीवन बिताया। उन्हें ज्यादातर केरल में पूजा जाता है। रामायण के मुताबिक भगवान राम के छोटे भाई भरत को भगवान विष्णु के सुदर्शन चक्र का अवतार माना जाता है। भरत भगवान राम के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते हैं। इस अवसर पर कथा गायन वादन के पश्चात समिति के सदस्यों के द्वारा सभी टोलियों को श्रीफल सहित 101 रुपए एवं अंगवस्त्र प्रदान किया गया। अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन खैरा को समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से हो रहा है एवं मुख्य संयोजक प्रभात फेरी मंडली खैरा है। आयोजन में आनंदराम साहू, संजय कुमार यादव, सीताराम पटेल, रमेश जायसवाल, परमेश्वर पटेल, आशीषराम साहू, धनीराम यादव, लखन लाल यादव, भुवनेश्वर जायसवाल, नरोत्तम लाल यादव, हीरा पॉल, अनिल उपाध्याय, सेतकुमारी पटेल, श्रीबाई साहू, चंद्रिका जगत, दुलौरिन, प्रमिला साहू, रामकुमारी ख़ुशरो , पांचों, जमुना , जानकी ,ईश्वरी साहू , तिहारूराम यादव, संतोष , राजकुमार चंद्राकर, घनश्याम साहू, नरोत्तम लाल यादव, दिलाखन भोलू सिडार, थानसिंह पटेल, लक्ष्मी साहू, कार्यकर्ता सहित ग्रामवासियों का सहयोग सराहनीय है।


### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार मोहम्मद युनुस आत्मज मोहम्मद हासम, निवासी - मकान नं. -एम.आई.जी., आई.-3, नेहरू नगर, सामुदायिक भवन के पास, तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से आम जनता को निम्न आशय की सूचना प्रकाशित कर रहा हूं :-

ग्राम परसदा प.ह.नं. 23/49, रा.नि.मं. सिरगिट्टी तहसील एवं जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित खसरा नं० 149/3 क्षेत्रफल 0.1010 हेक्टे. एवं ग्राम तालापारा, प.ह.नं. 39, रा.नि.म., तहसील एवं जिला बिलासपुर में स्थित खसरा नं 137/18, क्षेत्रफल 0.0120 हेक्टे. मेरे पक्षकार के स्वामित्व एवं आधिपत्य की सम्पत्ति है। यह सम्पत्ति पर, इस सम्पत्ति के राजस्व अभिलेखों में मेरे पक्षकार का नाम एकल भूमि स्वामित्व के रूप में दर्ज था, परन्तु कतिपय अहितबद्ध व्यक्तियों के द्वारा अपना नाम मेरे पक्षकार के साथ जुड़वा लिया गया है, जिसके संबंध में मेरे पक्षकार के द्वारा प्रकरण प्रस्तुत किया है, जिसकी कार्यवाहियां वर्तमान में लंबित है। मेरे पक्षकार को ज्ञात हुआ है कि उसके परिवार के ही कुछ व्यक्ति जिनका सम्पत्ति पर कोई हक व अधिकार नही है। बाजार में जमीन की खरीदी बिक्री का प्रयास कर रहे हैं तथा दस्तावेजों की कुट-रचना कर भूमि का विक्रय करने हेतु प्रयासरत है। इस संबंध में मेरा पक्षकार विधिवत कार्यवाही कर रहा है, परन्तु कुट-रचना कर राजस्व अभिलेखों में नाम दर्शित होने के आधार पर आम जनता में से कोई मेरे पक्षकार की सम्पत्तियों के संबंध में कोई इकरारनामा निष्पादित करता है, किसी व्यक्ति को प्रतिफल के संबंध में राशि का भुगतान करता है अथवा सम्पत्ति को किसी शासकीय - अशासकीय बैंक अथवा वित्तिय संस्थान के समक्ष बंधक करता है तो ऐसा कोई भी सम्व्यवहार मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा और ऐसा किया गया सौदा, ईकरारनामा / दस्तावेज प्रारम्भतः शून्य होगा और उक्त हस्तांतरण के संबंध में हस्तांतरण करने वाले तथा ग्रहण करने वाले दोनों पक्षकार किसी भी प्रकार की क्षति के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा पक्षकार इस संबंध में उत्तरदायी नही होगा।

अस्तु सूचना जाने।

भवदीय
(पंकज खेडकर), अधिवक्ता
कार्या.-पोस्ट ऑफिस गली, टिकरापारा, बिलासपुर (छ.ग.)
मो.न. - 9827177013, 7000182647

### आम सूचना

सर्वसाधारण संबंधित को सूचित किया जाता है कि मेसर्स तिरुपति इंटरप्राइजेस जो कि भागीदारी फर्म है, जिसमें श्री आलोक सौमेन्द्र राय पिता श्री मानवेंद्र नाथ राय, श्रीमती काकोली राय पति श्री आलोक सौमेन्द्र राय, श्री मुकेश अग्रवाल पिता श्री किशन लाल अग्रवाल तथा श्रीमती शिल्पी केडिया अग्रवाल पति श्री मुकेश अग्रवाल भागीदार हैं।

उक्त फर्म से श्री आलोक सौमेन्द्र राय एवं श्रीमती काकोली राय दिनांक 15/02/2025 से अवकाश ले रहे हैं, एवं फर्म का नया पता CG-2, PUJA APARTMENT, BLOCK C, GROUND FLOOR, KRANTI NAGAR, BILASPUR, CHHATTISGARH रहेगा।

उक्त फर्म अथवा इसके भागीदारों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, फर्म, कंपनी, बैंक, सरकारी अथवा अर्ध सरकारी संस्था आदि को कोई भी विवाद, दावा, रकम संबंधी बकाया या विवाद या अन्य कोई हक हो तो वह इस आम सूचना प्रकाशन के पाँच (5) दिनों के भीतर दावा संबंधित प्रपत्र के साथ हमारे निम्नांकित पते पर कार्यालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के बाद की गई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं यही समझा जाएगा कि उक्त कार्य हर प्रकार से भार एवं विवाद मुक्त है। पता : मेसर्स तिरुपति इंटरप्राइजेस, CG-2, PUJA APARTMENT, BLOCK C, GROUND FLOOR, KRANTI NAGAR, BILASPUR, CHHATTISGARH

सूचना प्रकाशितकर्ता
श्री मुकेश अग्रवाल
श्रीमती शिल्पी केडिया अग्रवाल
श्री आलोक सौमेन्द्र राय
श्रीमती काकोली राय

### न्यायालय श्रीमान दशम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)
**(ज्ञापन)**

हेमंत जायसवाल...वादी बनाम
लक्ष्मीकांत वगैरह... प्रतिवादीगण
व्य. वाद क्र. 206 अ/2021
पेशी ता. 06.03.2025 प्रोसेस क्र. 03

बिरज यादव पिता इंदल यादव निवासी भाटिया पेट्रोल पंप के सामने गौरव पथ वार्ड क्रमांक 4 बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

आपके विरूद्ध इस न्यायालय में हेमंत जायसवाल आयु 52 वर्ष पिता बाबूलाल जायसवाल निवासी अमलतास कालोनी नर्मदानगर बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा व्यवहार वाद वास्ते घोषणा एवं कब्जा हेतु प्रस्तुत किया गया है जिसमें दिनांक 06.03.2025 को प्रकरण की सुनवाई नियत की गयी है। सुनवाई दिनांक 06.03.2025 को दिन के 11.00 बजे प्रकरण से संबंधित उत्तर देने के लिये उपसंजात होने के लिये नोटिस/समंस का प्रकाशन किया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी प्लीडर/अधिवक्ता के माध्यम के द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके, तथा उन सभी दस्तावेजो को पेश करने के लिये तैयार रहे, जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते है। आपको सूचित किया जाता है कि आप उस तारीख को इस न्यायालय में हाजिरी नही होंगे तो आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुये वाद का निपटारा आपकी अनुपस्थिती में किया जावेगा। यदि किसी कारणवश पेशी तारीख को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्यदिवस को की जायेगी। आज दिनांक 12/02/25को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

स्थान-बिलासपुर (छ.ग.) दिनांक-12/02/25

(आशीष कुमार चंदेहे)
दशम व्यवहार न्यायाधीश
कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)

18- FEB- BSP- P-7 FULL_Layout 1 2/18/2025 10:53 PM Page 1




# ग्राम पंचायत सेमरचुवा जिला-मुंगेली (छ.ग.)

## हमर गांव... हमर विकास...

## के संकल्प में गांव के दुलरवा बेटा

# आभार एवं धन्यवाद

ग्राम पंचायत सेमरचुवा के देवतुल्य जनता की हृदय से धन्यवाद।
जिन्होने अपना अमूल्य समर्थन और आशिर्वाद प्रदान किया।
हम गांव विकास एवं आपके हितो की रक्षा के लिए सदा समर्पित रहेंगे।

आपका अपना....
टेकलाल पटेल!!!

सरपंच
चम्पा बाई पटेल
ग्राम पंचायत सेमरचुवा

समस्त ग्रामवासीयो के तरफ से...
ऐतिहासिक जीत की ...



हार्दिक बधाई





श्रीमती चम्पा बाई
सरपंच
ग्राम पंचायत सेमरचुवा

श्री टेक लाल पटेल
सरपंच प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत सेमरचुवा

विनीत : सरपंच ग्राम पंचायत सेमरचुवा,
जिला-मुंगेली (छ.ग.)

-:संकलनकर्ता:-
पी.भारती बेनेट
हरिभूमि प्रतिनिधि
जरहागांव (मुंगेली)
मो. 7389105897



18- FEB-- BSP-PG-8_Layout 1 2/18/2025 11:31 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### शराब के लिए पैसा नहीं देने से युवक का मोबाइल लूटा




**बिलासपुर।** शराब के लिए पैसा नहीं देने से युवक के साथ मारपीट कर मोबाइल लूट लिया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। कोटा पुलिस के अनुसार, कोटसागर निवासी राज मानिकपुरी पिता रामदास मानिकपुरी 17 फरवरी के शाम 8 बजे किराना दुकान में सामान खरीदने गए थे। इसी दौरान अवनिश दुबे मिला और शराब खरीदने के लिए पैसा मांगने लगा। उन्होंने मना किया उनके साथ मारपीट कर मोबाइल लूट लिया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अविनाश दुबे के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 119, 1, 296, 304, 2, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सूने मकान से जेवर ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** सूने मकान से चोरों ने धावा बोलकर सोने चांदी के जेवर चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, अभिषेक नगर फेस 1 निवासी गीता साहू पति राकेश साहू 34 साल विगत 17 फरवरी को मकान के दरवाजे में ताला लगाकर शादी में शामिल होने कोरबा चली गई थीं। 18 फरवरी को पड़ोसी ने उन्हें सूचना दी कि उनके मकान में चोरी हो गई है। वह कोरबा से लौटी तो ताला टूटा मिला और अंदर सामान अस्त व्यस्त पड़े थे। आलमारी में रखे चांदी के पायल, चेन, सोने का इयररिंग चोरी हो गई है। सूचना पर पुलिस ने घर का मुआयना कर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### 10 लाख मांगने वाले दो लोग गिरफ्तार

**बिलासपुर।** न्यायलयीन प्रकरण में फंसाने व जान से मारने देने की धमकी देकर एक व्यक्ति से 10 लाख रुपए की मांग करने वाले दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, रायपुर लोधीपारा निवासी नितिन लारेंश ने रिपोर्ट लिखाई है कि समाज के कुछ लोगों से सामाजिक व मिशनरी की जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। वहीं जमीन संबंधी मामला न्यायालय में चल रहा है। पिछले कुछ समय से उन्हें बिलासपुर जरहाभाठा मंदिर चौक निवासी मार्टिन, रायपुर राजा तालाब निवासी बीनू बेनेट, यशराज सिंह उनसे अवैध उगाही करने के लिए लंबे समय से परेशान कर रहे हैं। तीनों ने उन्हें न्यायालय में चल रहे जमीन संबंधी प्रकरण में फंसाने धमकी देकर 10 लाख रुपए की मांग की। रकम नहीं देने पर जान से मार देने की धमकी दी गई थी। पुलिस ने श्री लारेंश की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 3, 5, 308, 5 के तहत बीनू बेनेट, यशराज सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

### चाकू से हमला करने वाले फरार दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** युवक पर चाकू से हमला करने वाले फरार दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रतनपुर टीआई नरेश चौहान ने बताया, 6 अगस्त 2024 को करैहापारा निवासी संतोष बरगाह को मोहल्ले के आदतन बदमाश आलोक कहरा, मनीष उर्फ बंधन गोस्वामी ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर चाकू से हमला कर दिया गया था। घटना के बाद दोनों फरार चल रहे थे। 17 फरवरी को पुलिस को मेला में घुमने की सूचना मिली थी। पतासाजी के बाद पुलिस ने मेला पहुंचकर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

---

**सफाई कार्यक्रम** | गीले कचरे के निपटान के लिए बायो सीएनजी प्लांट की होगी स्थापना

# अब 135 करोड़ में बिलासपुर बनेगा क्लीन, ग्रीन और सुंदर, देश भर के टाप 18 शहरों में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में पर्यावरण के अनुकूल सफाई कार्यक्रम चलाने के लिए स्मार्ट सिटी को 135 करोड़ रुपए की बजट मिलने वाला है। इसमें 80 फीसदी राशि केंद्र सरकार देगी तो 20 फीसदी राशि नगर निगम को वहन करनी होगी। इसके तहत गीले कचरे के निपटान के लिए बायो सीएनजी प्लांट की स्थापना, नए ऑटोमेटेड ट्रांसफर स्टेशन, वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का उन्नयन जैसे कार्य किए जाएंगे। इसके साथ ही केंद्र सरकार के गोबरधन मिशन को भी संबद्ध किया जाएगा, जो जैविक कचरे से बायो फ्यूल बनाने पर आधारित है।

ज्ञात हो कि सिटीज 2.0 चैलेंज अभियान के लिए 84 शहरों ने अपने प्रस्ताव भेजे थे। इसमें राज्य भर से सिर्फ बिलासपुर और देश भर में 18 शहरों का चयन हुआ है। ध्यान रहे कि स्मार्ट शहरों को एकीकृत सालिड वेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत कचरे से गैस और आरडीएफ तैयार करने के लिए डीपीआर तैयार करने कहा गया था पर 36 शहरों की ओर से ही डीपीआर तैयार किया गया। स्मार्ट सिटी के मुताबिक 3 से 5 मार्च तक जयपुर में इस संबंध में एक सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जहां सभी 18 शहरों के एमडी शामिल होंगे और एग्रीमेंट होगा।



■ नए ऑटोमेटेड ट्रांसफर स्टेशन, वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का उन्नयन होगा

योजना में शामिल होने के बाद बिलासपुर नगर निगम सीमा के 70 वार्डों में विकास के काम होंगे। इसमें सफाई के साथ ही पर्यावरण के अनुकूल शहर का विकास किया जाएगा। इसमें सफाई पर फोकस रहेगा। इसकी अवधि पांच साल के लिए रहेगी। गौरतलब है कि प्रतियोगिता के आधार पर शहरों के चुनाव करने और शहरों को ग्रीन व क्लीन बनाने के लिए शहर में इंटीग्रेटेड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट यानी एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन पर खास ध्यान देने की योजना बनाई गई थी। इसके बाद केंद्रीय सरकार ने सिटीज इन्वेस्टमेंट टू इनोवेट, इंटीग्रेट एंड सस्टेन 2.0 चैलेंज को लॉन्च किया है। इसमें स्मार्ट सिटी मिशन के तहत आने वाले सभी 100 स्मार्ट शहरों से योजना के लिए आवेदन मंगाए गए थे।

### देश के इन 18 शहरों का चयन

देश भर के जिन 18 शहरों का चयन इस योजना में किया गया है उसमें बिलासपुर, अगरतला, आगरा, बरेली, बेलगावी, गुवाहाटी, जबलपुर, जयपुर, मदुरै, मुजफ्फरपुर, न्यू टाउन कोलकाता, पणजी, राजकोट, श्रीनगर, थथापुरम, तंजावुर, उदयपुर और उज्जैन शामिल है।

### क्रांतिकारी कदम है

यह परियोजना बिलासपुर को एक स्मार्ट, हरित और सतत शहर में परिवर्तित करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। यह परियोजना कचरा प्रबंधन के पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़ते हुए, तकनीकी नवाचार, ईंधन कुशल परिवहन, और सामाजिक समावेशन के माध्यम से बिलासपुर को एक शून्य अपशिष्ट (जीरो वेस्ट) शहर बनाने में सहायक होगी।

- **अमित कुमार**, निगम आयुक्त

### कचरे से ऊर्जा बनाने वाले संयंत्रों की स्थापना होगी

स्मार्ट सिटी के एमडी एमडी अमित कुमार ने ने बताया कि नई दिल्ली में केंद्रीय आवासन एवं शहरी मंत्रालय की टीम के समक्ष इसके लिए प्रेजेंटेशन दिया गया था। अब चयन के बाद शहर में पूर्व से संचालित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को और अधिक ढंग से प्रभावी बनाया जाएगा। पूरे शहर को स्वच्छ रखने विशेष कार्ययोजना पर काम किया जाएगा। इसके तहत कचरे से बिजली बनाई जाएगी। खासकर खाद से सीएनजी तैयार करने की योजना है। शहरी क्षेत्रों में सर्कुलर अर्थ व्यवस्था हासिल करने के कचरे से खाद बनाने वाले संयंत्र और कचरे से ऊर्जा बनाने वाले संयंत्रों की स्थापना की जाएगी। आने वाले 5 वर्षों में बिलासपुर को पूरी तरीके से स्वच्छ और सुंदर बनाया जाएगा।

### सोलर प्लांट से 100 किलोवाट बिजली का उत्पादन

बिलासपुर स्मार्ट सिटी के एमडी अमित कुमार ने बताया कि कचरे से बायो गैस और आरडीएफ बनाने 120 करोड़ के प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन दिया। अब स्मार्ट सिटी मिशन ने देश भर से चयनित 18 शहरों को प्लांट, मशीनरी लगाने के लिए 135 करोड़ तक अनुदान देने का निर्णय लिया है। ज्ञात हो कि बिलासपुर प्रदेश का पहला निकाय है जिसने साल भर पहले कछार स्थित कचरा निबटान संयंत्र की छत पर सोलर पैनल लगाकर बिजली उत्पादन शुरू किया। सोलर प्लांट से करीब 100 किलोवाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। इससे बिजली बिल में 50 फीसदी की बचत हो रही है। कंपनी ने कछार में 25 एकड़ में 35 करोड़ की लागत पर मशीनें लगाई है। कंपनी को कम से कम 2 मेगावाट बिजली कचरे से बनाना होगा।

---

10 करोड़ में बन रहा दो मंजिला काम्प्लेक्स, मार्च 2025 तक बनकर तैयार होगा

# बस स्टैंड में 65 दुकानों का आबंटन जल्द, 80 फीट चौड़ी सड़क इमलीपारा से टैगोर चौक तक जुड़ेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर की बरसों पुरानी पुराने बस स्टैंड के पास अव्यवस्थित ट्रैफिक की समस्या से शहरवासियों को निजात मिलने वाली है। इसके तहत इमलीपारा सड़क को सीधे टैगोर चौक में जोड़ा जाएगा। इसकी अंतिम बाधा भी पार कर ली गई है और दुकान की लीज समाप्त कर दी गई है। इसके साथ ही बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 10 करोड़ की लागत से व्यापारियों के लिए कांप्लेक्स और 80 फीट चौड़ी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। दो मंजिला काम्प्लेक्स मार्च 2025 तक बनकर तैयार होने की उम्मीद है। इसमें दुकानों के आवंटन को लेकर भी जल्द ही प्रक्रिया शुरू होगी।

■ जिनकी दुकानें टूटी हैं और जो लीजधारी हैं उन्हें पहले प्राथमिकता देते हुए दुकानें आबंटित होंगी

निगम आयुक्त अमित कुमार के मुताबिक इमलीपारा रोड में जिनकी दुकानें टूटी हैं और जो लीजधारी हैं, उन्हें पहले प्राथमिकता देते हुए दुकानें आबंटित होंगी। इसके बाद बाकी दुकानें ओपन में बेची जाएंगी। इसके लिए टेंडर भी निकाला जा सकता है। निगम आयुक्त ने साफ किया है कि लीजधारी दुकानदारों से किसी प्रकार का प्रीमियम नहीं लिया जाएगा। इन लोगों से जमीन और कंस्ट्रक्शन की कीमत जरूर ली जाएगी।

ज्ञात हो कि लगभग 12 साल पहले सत्यम चौक से पुराना बस स्टैंड तक के ट्रैफिक लोड को कम करने के लिए इमलीपारा सड़क का चौड़ीकरण और उन्नयन किया गया था। पुराना बस स्टैंड के पास लेकिन 86 दुकानों के नहीं हटने के कारण चौक के पास सड़क संकरी हो गई थी। इस वजह से पुराना बस स्टैंड जाने वाली सड़क का यह वैकल्पिक मार्ग नहीं बन सका था। अब इन दुकानों की शिफ्टिंग हो जाने से चौड़ी सड़क निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। चौड़ीकरण के बाद श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पर इमलीपारा सड़क सीधे जाकर मिलेगी और इस प्रकार से चौक पर सीधे 6 तरफ से सड़क मिलेगी।



इमलीपारा से बस स्टैंड की ओर जाने वाली सड़क।

### लीजधारियों से प्रीमियम नहीं लेंगे

लीजधारी दुकानदारों से किसी प्रकार का प्रीमियम नहीं लिया जाएगा। इन लोगों से जमीन और कंस्ट्रक्शन की कीमत जरूर ली जाएगी। कीमत क्या होगी इस पर फिलहाल अंतिम फैसला नहीं लिया जा सका है। निगम की नई सरकार के गठन के बाद इसकी प्रक्रिया में तेजी आएगी और दुकानों का आबंटन किया जाएगा।

- **अमित कुमार**, निगम आयुक्त

### 65 दुकानें बन रहीं, ट्रैफिक भी स्मूथ होगा

इस बारे में निगम अधिकारियों का कहना है कि कमर्शियल कॉम्प्लेक्स व्यापारियों के कारोबार के लिए फायदेमंद होगा, क्योंकि यहां पार्किंग की सुविधा है। आजकल लोग ज्यादातर उन दुकानों में जाते हैं, जहां पार्किंग की सुविधा होती है। यह शहर के हृदय स्थल यानी पुराना बसस्टैंड के पास है। इसका भी फायदा व्यापारियों को मिलेगा। ज्ञात हो कि पहले यहां 87 दुकानें बनाने की योजना थी, लेकिन निगम ने बाद में प्लान बदल दिया और अब यहां 65 दुकानें बनाई जा रही हैं। ध्यान रहे कि अभी बस स्टैंड की ओर से आने वालों को उल्टी दिशा से घूम कर तेलीपारा रोड की ओर गलत ढंग से डिवाइडर क्रास कर इमलीपारा रोड पकड़ना पड़ता है। इसी प्रकार बस स्टैंड के गेट के ओर भी एप्रोच रोड की चौड़ाई दुकानों के चलते 15 फुट रह गई है, जिसके कारण बड़े वाहनों को आवाजाही में परेशानी होती है।

### लिंक रोड पर चलती हैं 20 हजार गाड़ियां

इमलीपारा सड़क बनने से ट्रैफिक जाम से काफी हद तक राहत मिल सकेगी। ध्यान रहे कि अभी लोगों को पुराना बस स्टैंड की ओर आने के लिए सत्यम चौक से अग्रसेन चौक जाना पड़ता है। दोनों चौक में ट्रैफिक सिग्नल है। इसके कारण लोगों को यहां रुकना पड़ता है। समय भी अधिक लगता है। अक्सर जाम की नौबत रहती है। इमलीपारा सड़क बन जाने से काफी राहत मिलेगी। सत्यम चौक से पुराना बस स्टैंड तक रोज 20 हजार गाड़ियों का भार रहता है। इसमें सिटी बसों के साथ ही 8 हजार चारपहिया गुजरते हैं। 2 हजार आटो रिक्शा के साथ ही 10 हजार बाइक रोजाना चलती है।

### 81 दुकानदारों की लीज पहले ही हो गई खत्म

नगर निगम प्रशासन के मुताबिक इमलीपारा रोड के एप्रोच के हिस्से में 82 चबूतरे सब्जी विक्रेताओं को आबंटित किए गए थे। सभी चबूतरों की जगह पक्की दुकानें खड़ी हो गई हैं। इनमें से 81 दुकानों की लीज अवधि समाप्त हो चुकी है। यानी नियमानुसार हटाया गया है। ज्ञात हो कि इमलीपारा रोड की जमीन नगर निगम को रेलवे से बंदोबस्त में मिली है। इसलिए नगर निगम जनहित ने उक्त जमीन पर रोड बनाने के लिए दुकानों की जगह खाली करवाया। इससे पहले टैगोर चौक से इमलीपारा रोड होते हुए उस्लापुर तक रेलवे से बंदोबस्त में मिली जमीन पर ही निगम ने सड़क निर्माण किया है।

---

# जिला पंचायत अध्यक्ष के बड़े दावेदारों का पत्ता साफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




जिला पंचायत अध्यक्ष का पद इस बार अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित हुआ है। इसलिए मस्तूरी क्षेत्र के चुनाव पर सभी की नजर लगी हुई थी, क्योंकि ज्यादतर अनुसूचित वर्ग के लिए आरक्षित सीट इसी क्षेत्र में थी। लेकिन त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण का जो रूझान सामने आए हैं, उसमें जिला पंचायत अध्यक्ष बनने का सपना देख रहे कई बड़े दावेदारों का पत्ता साफ हो गया है और कई दिग्गजों को पराजय का सामना करना पड़ रहा है।

■ त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण के रूझान में कई दिग्गजों को करना पड़ रहा पराजय का सामना

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण में सोमवार को मस्तूरी ब्लॉक में चुनाव हुए। मस्तूरी क्षेत्र में जिला पंचायत के पांच निर्वाचन क्षेत्र आते हैं। मस्तूरी क्षेत्र के चुनाव पर सभी की नजर इसलिए लगी थी क्योंकि जिला पंचायत अध्यक्ष का पद इस बार एससी वर्ग के लिए आरक्षित हुआ है और मस्तूरी क्षेत्र में ही एससी वर्ग के लिए सर्वाधिक सीटें आरक्षित थीं, इसलिए जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए दावेदारी करने वाले जितने भी लोग थे, वे सभी मस्तूरी क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ रहे थे। सोमवार को मतदान संपन्न होने के बाद मतदान केन्द्रों में वोटों की गिनती कर ली गई है। हालांकि सारणीकरण और चुनाव परिणाम की विधिवत घोषणा बाद में की जाएगी। लेकिन पहले चरण में पड़े वोट और गिनती के बाद जो रूझान सामने आ रहे हैं, उसमें जिला पंचायत अध्यक्ष पद के जितने भी बड़े दावेदार थे वे सब चुनाव हार रहे हैं। इसके अलावा कई पुराने दिग्गज जिला पंचायत सदस्य भी इस बार चुनाव हार रहे हैं और उनकी जगह नए चेहरे मस्तूरी क्षेत्र से जीतकर आ रहे हैं। पहले चरण के रूझान के अनुसार राजेश्वर भार्गव, प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महामंत्री महेन्द्र गंगोत्री, एस मनहर, पृथ्वीपाल, टीआर जोशी, चांदनी भाराद्वाज जैसे कई दिग्गज चुनाव हार गए हैं जो जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए दावेदार माने जा रहे थे।

### मस्तूरी जनपद में कांग्रेस को बहुमत

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण में मस्तूरी जनपद पंचायत में भी चुनाव हुए हैं। मस्तूरी जनपद पंचायत सदस्यों के लिए वोटिंग के बाद जो रूझान सामने आ रहा है, उसमें कांग्रेस को बहुमत मिलता दिख रहा है। अगर किसी तरह की तोड़फोड़ नहीं होती है तो मस्तूरी जनपद में कांग्रेस को बहुमत मिल सकता है।

### पांच क्षेत्रों में दो भाजपा एक कांग्रेस, तीन निर्दलीय जीत रहे

मस्तूरी क्षेत्र स्थित जिला पंचायत के पांच निर्वाचन क्षेत्रों में क्षेत्र क्रमांक 10, 11, 12, 13 व 14 आते हैं। इनमें क्षेत्र क्रमांक 10 से कांग्रेस के समर्थित प्रत्याशी राजेन्द्र धीवर चुनाव जीत रहे हैं, जबकि भाजपा समर्थित नूरी दिलेन्द्र कौशिक सहित अन्य प्रत्याशी चुनाव हार रहे हैं। क्षेत्र क्रमांक 11 से भाजपा के समर्थित प्रत्याशी अरूना चन्द्रप्रकाश सूर्या चुनाव जीत रही है, जबकि कांग्रेस के अंजली राजू सूर्यवंशी समेत अन्य प्रत्याशियों को पराजय का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र क्रमांक 12 में 17 प्रत्याशी मैदान में थे, जिसमें कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी महेन्द्र गंगोत्री एवं कांग्रेस से भाजपा में आए राजेश्वर भार्गव व बसपा के टीआर जोशी, एस मनहर आदि प्रत्याशी थे। भाजपा ने इस क्षेत्र से अधिकृत प्रत्याशी नहीं उतारे थे और मुक्त रखा था। इस 12 नंबर क्षेत्र से दामोदार कांत नया चेहरा चुनाव जीत रहे हैं। इसी तरह क्षेत्र क्रमांक 13 से सतकली बावरे जैसे नया चेहरा जीतकर आ रही है, जबकि इस क्षेत्र में चांदनी भाराद्वाज समेत भाजपा समर्थित सरोजनी रामनारायण भाराद्वाज एवं कांग्रेस समर्थित सुकृता खुंटे सहित अन्य प्रत्याशी मैदान में थे। क्षेत्र क्रमांक 14 से भाजपा के समर्थित प्रत्याशी राधा खिलावन पटेल चुनाव जीतकर आ रही है। कांग्रेस ने यहां से सीमा रवि श्रीवास को समर्थित प्रत्याशी बनाया था।

---

# एसपी की फटकार के बाद एसीसीयू टीम ने तीन लोगों को पकड़कर चोरी की 8 बाइक जब्त की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसपी की फटकार के बाद एसीसीयू टीम ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर शातिर चोर व दो खरीददारों को पकड़कर चोरी की 8 बाइक बरामद की है। पुलिस ने बाइक जब्त कर तीनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।



एक पखवाड़े पहले एसपी रजनेश सिंह ने एसीसीयू टीम की क्लास लेकर कार्रवाई को लेकर नाराजगी जताते हुए जमकर फटकार लगाई थी। टीम के अधिकारियों व जवानों को अपने सूचनातंत्र से नकबजनी, चोरी के मामले पकड़ने के लिए 10 दिन का समय दिया गया था। प्रकरण नहीं पकड़ाने पर टीम से बाहर कर देने की चेतावनी दी गई थी। उसके बाद अमला पूर्व में हुए चोरी के मामले में सीसीटीवी फुटेज कलेक्ट कर चोरों की पतासाजी में जुट गई। अथक प्रयास करने के बाद फुटेज से बाइक चोरी करने वाले एक युवक की पहचान हो पाई। टीम ने सकरी शारदा विहार मूलतः करगीरोड कोटा निवासी विवेक शुक्ला पिता स्व. राजेश शुक्ला 31 साल को घेराबंदी कर पकड़ा गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने मंगला चौक, गुलाब सिंह प्लाजा के बिल्डिंग पार्किंग, उसलापुर रेलवे स्टेशन, सीविया प्लाजा के पार्किंग मंगला, सीएलसी काम्प्लेक्स आदि जगहों से बाइक चोरी कर 4 बाइक अन्य जगह पर छिपाकर रखना व 4 बाइक सकरी परसदा निवासी हीरा लाल लहरे पिता स्व. श्याम रतन 25 साल व छाता लालपुर मुंगेली निवासी ओम प्रकाश कुर्रे पिता महाजन 42 साल के पास बेचना बताया। उसकी निशानदेही पर खरीददारों को पकड़कर चोरी की 8 बाइक बरामद की गई है। सिविल लाइन पुलिस ने बाइक जब्त कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

# गाली देने से मना किया तो युवक पर चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गाली देने से मना करने से युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सकरी पुलिस के अनुसार, संबलपुरी निवासी रमाशंकर वस्त्रकार पिता गिरजा प्रसाद वस्त्रकार 17 फरवरी को शाम 7.30 बजे अपने गांव के चौक में प्रमोद वस्त्रकार, पप्पू, उत्तम साहू के साथ बैठे थे। इसी दौरान दुर्गेश साहू आया और गाली गलौज करने लगा। रमाशंकर ने गाली देने से मना किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से हमला कर दिया, जिससे उनके गर्दन में चोट आई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर दुर्गेश साहू के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# गांजा तस्कर जीआरपी के आरक्षकों की करोड़ों की संपत्ति अवैध, साफेमा कोर्ट ने लगाई मुहर

**बिलासपुर।** गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार जीआरपी आरक्षकों के द्वारा बनाई गई करोड़ों रुपए की संपत्ति को साफेमा कोर्ट ने अवैध घोषित कर दिया है। अब पुलिस उक्त सभी संपत्ति को सीज करेगी।

एसपी रजनेश सिंह ने बताया, पूर्व में गांजा तस्करी करने वाले जीआरपी के आरक्षक लक्ष्मण गाईन, मन्नू प्रजापति, संतोष राठौर, सौरभ नागवंशी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। जांच में खुलासा हुआ आरक्षकों के द्वारा गांजा बिक्री की रकम से करोड़ो की संपत्ति अर्जित की गई है। पुलिस ने गोपनीय तरीके उनके द्वारा बनाई गई संपत्ति की जांच की गई। जिसमें खुलासा हुआ लक्ष्मण गाईन और कृष्णा गाईन के नाम पर सिरगिट्टी वार्ड नम्बर 7 में 1600 वर्गफुट भूखण्ड जमीन और आलीशान मकान कीमत 50 लाख। आरक्षक संतोष राठौर के नाम पर कोरबा फरसवानी में 5232 वर्गफीट जमीन कीमत 10 लाख रुपए। आरक्षक मन्नू प्रजापति के नाम पर ग्राम नगपुरा बिल्हा में 1250 वर्गफीट जमीन कीमत 15 लाख। उसकी पत्नी कुसुम प्रजापति के नाम पर सिरगिट्टी में 1428 वर्गफीट जमीन व मकान कीमत 40 लाख। मन्नू प्रजापति के नाम पर सिरगिट्टी में 1000 वर्गफीट जमीन कीमत 10 लाख आदि संपत्ति का खुलासा किया था।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
28 फरवरी से 08 मार्च 2025, 21 मार्च से 29 मार्च 2025, 11 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025, 09 मई से 17 मई 2025, 23 मई से 31 मई 2025, 06 जून से 14 जून 2025 (9 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
राशिः-स्लीपर 11,500/-, 3 एसी 20,500/-, 2 एसी 24,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport